// श्रीमदभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतराम् //

तैत्तिरीयोपनिषत्

(TAITTIRIYOPANISHAD)

सटिप्पणसंस्कृतहिन्दीटीकाद्वयसंवलितशाङ्करभाष्यसमेता

जगद्गुरु भगवान् आदि शङ्कराचार्य भगवत्पाद

'विद्यानन्दीमिताक्षरा' व्याख्याकार एवं निर्देशक

श्रीकैलासपीठाधीश्वर परमादर्श आचार्य महामण्डलेश्वर

श्रीमत्स्वामी विद्यानन्द गिरि जी महाराज, वेदान्त-सर्वदर्शनाचार्य

चतुर्थ कैलासपीठाधीश्वर

आचार्य म. मं. स्वामी गोविन्दानन्द गिरि जी महाराज

स्वामी गोविन्दानन्द गिरि जी महाराज का जन्म अविभाजित भारत के पञ्जाब प्रदेश के जेहलम जनपद में हुआ था। काशी में सम्पूर्ण व्याकरण शास्त्र के अध्ययन के बाद कई वर्षों तक उसी पावन नगरी में अध्यापन कार्य में आप संलग्न रहे। तत्पश्चात् वेदान्त अध्ययन की अभिलाषा से आप कैलास आश्रम के संस्थापक स्वनाम धन्य आचार्य महा-मण्डलेश्वर अनन्त श्री स्वामी धनराज गिरि जी महाराज के पास ऋषिकेश आये। आचार्य श्री से संन्यास दीक्षा ग्रहण कर विधिवत् प्रस्थान त्रयी का अध्ययन आपने किया। असाधारण मेधा शक्ति सम्पन्न आपको प्रस्थान त्रयी भाष्य कण्ठ थे, अतः नेत्रबन्द कर आप इसकी आवृत्ति किया करते थे। आप अध्ययन की गहराईयों में उतर कर यथार्थ की खोज करते रहते जिसके फलस्वरूप ग्रन्थों के पाठ संशोधन तथा टिप्पण लिखने में आपकी प्रवृत्ति हुई। इस क्रम में आपने प्रस्थान त्रयी मूलपाठ, शांकर भाष्य आनन्द गिरि टीकादि तथा अन्य ग्रन्थों पर अपनी प्रासादिक टिप्पणियाँ लिखीं। फलतः विशुद्ध शांकर सम्प्रदायानुसार अध्ययन में सटिप्पण अध्ययन का एक नया क्रम कैलास आश्रम में आप द्वारा प्रवर्तित हुआ। आपके विद्यार्थियों में सर्वाधिक स्नेहभाजन स्वामी विष्णुदेवानन्द गिरि जी थे जिनको आपने अपनी अमूल्य विद्या निधि को सौंपा तथा उन्हें विद्यावाचस्पति की उपाधि से अलंकृत किया। आपका आशीर्वाद प्राप्त कर उन्होंने आपसे अधीत टिप्पणियों का परिष्कार कर उन्हें शास्त्रों में यथा स्थान स्वलेखिनी द्वार पुनः अंकित किया। कैलास आश्रम से प्रकाशित ग्रन्थों में उन्हीं परिष्कृत टिप्पणियों को "गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणी" संज्ञा देकर प्रकाशित किया गया है।

आप स्वभाव से ही एकाग्रचित्त और विरक्त महापुरुष थे। देहाध्यास को आपने जीते जी तिलाञ्जलि दे दी थी। आप सदा अपने सच्चिदानन्द स्वरूप में सहज भाव से प्रतिष्ठित रहते थे। कैलास ब्रह्मविद्या पीठ का स्थान रिक्त होने पर सन्तों और भक्तों की अनेक प्रार्थना पर वि. सं. १९८४ में आपने पीठासीन होना स्वीकार किया। उस समय आप की आयु लगभग ७५ वर्ष की थी। आप की प्रेरणा से अनेकों भक्तों ने कैलास आश्रम में निर्माण कार्य करवाये। आपने १० वर्षों तक कैलास पीठ को सुशोभित किया। वि. सं. १९९६ में आप ब्रह्मलीन हुये। यह अत्यन्त गौरव का विषय है कि इस शताब्दी में वेदान्त शास्त्र के अध्ययन में एक नये युग के निर्माण करने का श्रेय आप चतुर्थ कैलास पीठाधीश्वर जी को प्राप्त हुआ।

।।श्री अभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतराम् ।।

श्रीकैलासविद्यालोकस्य चतुश्चत्वारिंशः (४४) सोपानः

तैत्तिरीयोपनिषत्

सटिप्पणसंस्कृतहिन्दीटीकाद्वयसंवलितशाङ्करभाष्यसमेता

'गोविन्दप्रसादिनी' टिप्पणीकार विद्यावाचस्पति

महामण्डलेश्वर श्री स्वामी विष्णुदेवानन्द गिरि जी महाराज

'विद्यानन्दीमिताक्षरा' व्याख्याकार वेदान्त-सर्वदर्शनाचार्य यतीन्द्रकुलतिलक श्रीकैलासपीठाधीश्वर

परमादर्श आचार्य महामण्डलेश्वर श्री स्वामी विद्यानन्द गिरि जी महाराज

सम्पादक

डॉ० उमेशानन्द शास्त्री

एम. ए., एल. एल. बी., पी. एच. डी., व्याकरणाचार्य

एवं

स्वर्ण लाल तुली

बी. इ., डी. डी. इ. (न्यूज़ीलैण्ड)

प्रकाशक
श्री कैलास आश्रम शताब्दी समारोह महासमिति
कैलास गेट, ऋषीकेश (ऊ प्र०)
दूरभाष :
०१३५-४३०५९८

देवानुग्रह त्रिदशक महोत्सव प्रसंग

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन सुरक्षित

ISBN 81 - 900625 - 9 - x

प्रथम आवृत्ति २000 वि० सम्वत् २०४० सन् १९८३

द्वितीय आवृत्ति ३000 वि० सम्वत् २०५५ सन् १९९९

मूल्य : ७५ रुपये

ग्रन्थ प्राप्ति स्थान —

१. श्री कैलास आश्रम, मुनि की रेती, ऋषिकेश-२४९२०१
२. श्री दशनाम संन्यास आश्रम, भूपतवाला, हरिद्वार-२४९४०१
३. श्री कैलास आश्रम, उजेली, उत्तरकाशी-२४९१९३
४. श्री राम आश्रम, समानामण्डी, पटियाला-१४७१०१
५. श्री कैलास विद्यातीर्थ, (आदि शंकराचार्य स्मारक) ६, भाई वीर सिंह मार्ग, नई दिल्ली-११०००१
६. श्री कैलास आश्रम, मॉडल टाऊन, रोहतक - १२४००१
७ श्री कैलास विद्यातीर्थ, गिरियक रोड, राजगीर (नालन्दा)-८०३११६
८. श्री कैलास विद्याधाम, रूप नगर, जम्मू तवी
९. श्री शंकर ब्रह्मविद्याकुटीर, ८३ - ए, द्वारका पुरी, मुजफ्फर नगर-२५१००१

मुद्रक :—

सम्पादकीय

श्री कैलास आश्रम शताब्दी समारोह महासमिति ऋषिकेश की ओर से प्रकाशित तैत्तिरीयोपनिषत् को पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें सहज सन्तोष हो रहा है। इस प्रकाशन के साथ श्री कैलास आश्रम की प्रकाशन शृंखला का मूलभूत उद्देश्य पूरा हो जाता है। श्री कैलास आश्रम के पूर्वाचार्यों की संजोई हुई ब्रह्मविद्या की मार्मिक अनुभूतियों का आनन्द अब सब विद्वान् एवं वेदान्त के रसिक ले सकेंगे।

तैत्तिरीयोपनिषत् अन्य सभी उपनिषदों में अद्वितीय स्थान रखता है। आचार विषयक चर्चा को कहीं उपनिषदों का परम प्रयोजन अन्यथा न समझ लिया जाए, इस कारण आचार्य शङ्कर प्रत्येक वल्ली के आदि और अन्त में श्रुति के सारगर्भित अर्थ की सविस्तर चर्चा करते हैं। द्वैतवादी भय में निमग्न रहते हैं, श्रुति अभय होना सिखाती है। ब्रह्मसूत्र में भी अनेक स्थलों पर तैत्तिरीयोपनिषद् के मन्त्रों का तात्पर्य समझाने में भगवान् शङ्कराचार्य ने ब्रह्मानन्दवल्ली को ब्रह्मात्मैक्य प्रतिपादक माना है। कहीं कहीं आचार्य शङ्कर अन्य दार्शनिकों के मतों का विश्लेषण करते हुए उन्हें इतनी सूक्ष्मता से समझाते हैं, लगता है मानो सामने बैठे प्रतिपक्षी उनकी युक्ति और शास्त्रनिष्ठा के प्रति पूर्ण समर्पित होते जा रहे हों। भाष्य में आचार्य श्री की अद्वैत सिद्धान्त को सर्वोपरि स्थापित करने वाली छवि अनेक स्थलों पर मिलती हैं।

तैत्तिरीयोपनिषत् पर आनन्दगिरि टीका संक्षिप्त एवं भाष्य के मर्म का प्रकाश करती है। किन्तु विद्यावाचस्पति स्वामी विष्णुदेवानन्द गिरि जी महाराज की "गोविन्दप्रसादिनी" टिप्पण सुस्पष्ट एवं अति विस्तृत है जिससे मूल भाष्य एवं टीका के सभी दुरूह स्थल बुद्धिगम्य हो जाते हैं।

मूलमन्त्र एवं भाष्य का अनुवाद यतीन्द्रकुलतिलक कैलासपीठधीश्वर स्वामी विद्यानन्द गिरि जी महाराज आचार्य महामण्डलेश्वर ने किया है। इसमें किसी प्रकार की स्वयं की कल्पना को स्थान न देकर भाष्यकार के भावों को ही सुस्पष्ट करने की चेष्टा की गई है। कठिन दार्शनिक स्थलों को समझाने में अनुवाद की अपनी अद्वितीय उपादेयता है।

इस ग्रन्थ के सम्पादन में नवरात्र एवं दीपावली गङ्गा के तट पर ही व्यतीत हुई जिसे मैं अपना सौभाग्य समझता हूँ। कैलास आश्रम के परमादर्श आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी विद्यानन्द गिरि जी महाराज के उपनिषद्विद्या के प्रकाशन रूप सत्संकल्प की आज पूर्ति कर मैं अद्वैत वेदान्त के ब्रह्म की तरह निरुपाधिक हो गया हूँ। तात्त्विक निरुपाधिकता की मञ्जिल की ओर बढ़ने में सभी को इस ग्रन्थ से प्रेरणा मिलेगी, ऐसी आशा है।

श्री कृष्णार्पणमस्तु — भगवदीय

दीपमालिका २०४० — डॉ. उमेशानन्द शास्त्री

ऋषिकेश

प्रस्तावना

दिशन्तु शम्मे गुरुपादपांसवः।

* * *

"नवाधिकशतं शाखा यजुषो मारुतात्मज" इस मुक्तिकोपनिषद् वाक्य के अनुसार किसी समय यजुर्वेद की १०९ शाखाएँ थीं। जिनमें से वायुपुराण, विष्णुपुराण, प्रतिज्ञापरिशिष्ट, शब्दकल्पद्रुम और चरणव्यूह में लगभग ४३ के नाम लिखे हैं। इस वेद के कृष्ण और शुक्ल नामक दो प्रधान भेद हैं। शुक्लयजुर्वेद (वाजसनेयी संहिता) की काण्व और माध्यन्दिनी शाखा कुछ भिन्न पाठ के साथ उपलब्ध है। कृष्णयजुर्वेद की सबसे बड़ी शाखा तैत्तिरीय है जिसके सम्बन्ध में विष्णुपुराणान्तर्गत तृतीयांश पञ्चमाध्याय की गाथा प्रसिद्ध है। व्यासशिष्य वैशम्पायन के २७ शिष्य थे। जिनमें ब्रह्मरात का पुत्र याज्ञवल्क्य भी था। एक दिन मुनियों ने निश्चय किया कि जो सप्ताह के भीतर मेरुपर्वत पर नहीं पहुँचेगा, उसे ब्रह्महत्या का पाप लगेगा। वैशम्पायन जी किसी कारण से न पहुंच सके। वैशम्पायन का भानजा उनके पैर से चोट लगने पर मर गया। उन्होंने अपने शिष्यों को बुलाकर कहा कि तुम मेरे लिए प्रायश्चित्त का अनुष्ठान करो। इस बात को सुनकर याज्ञवल्क्य ने कहा कि अल्प तेज वाले बालकों के साथ मैं व्रतानुष्ठान किस प्रकार करूँ। इस पर क्रोधावेश में आकर वैशम्पायन ने कहा कि इन ब्राह्मण बालकों को निस्तेज बतलाते हुए तूने मेरी आज्ञा भङ्ग की है। अत: तू मेरा शिष्य होने के योग्य नहीं, तूने जो कुछ मुझसे पढ़ा है, उसे त्याग दो। याज्ञवल्क्य ने वैशम्पायन से पढ़ी हुई विद्या वमन कर दी। वह रुधिराक्त छर्दित विद्या भूमि पर पड़ गयी। जिसे वैशम्पायन के अन्य शिष्यों ने तित्तिररूप धारण कर चुग लिया। इसीलिये उनकी शाखाओं का नाम तैत्तिरीय पड़ गया। तत्पश्चात् सूर्योपासना के फलस्वरूप याज्ञवल्क्य कई शाखाओं के मन्त्रद्रष्टा ऋषि हुए। यह कथा उपनिषदों और ब्राह्मणों में कहीं भी नहीं है। पाणिनि जी ने लिखा है कि "तित्तिरिणा प्रोक्तमधीयते तैत्तिरीयः (४।३।१०२)" ऐसा ही कृष्णयजुर्वेद की अनुक्रमणिका में लिखा है—वेदव्यास शिष्य वैशम्पायन ने यास्क को और यास्क ने तित्तिरि को दिया। उनके शिष्य तैत्तिरीय हुए।

कृष्णयजुर्वेद का ब्राह्मण तैत्तिरीय ब्राह्मण के नाम से तीन काण्डात्मक ग्रन्थ प्रसिद्ध है, जो तैत्तिरीयसंहिता का दूसरा भाग माना जाता है। ऐसे ही तैत्तिरीय ब्राह्मण के आगे की विधि को स्पष्ट करने वाला तैत्तिरीय आरण्यक भी है। जिसके दशभाग हैं। इसी तैत्तिरीय आरण्यक के सप्तम, अष्टम और नवम भाग को तैत्तिरीय उपनिषद् कहते हैं और दशम भाग को महानारायणोपनिषद् कहते हैं।

तैत्तिरीयोपनिषद् की प्रथम शिक्षावल्ली को संहितोपनिषद् और शेष दो वल्ली को वारुणी उपनिषद् भी कहते हैं। महत्त्व की दृष्टि से वारुणी उपनिषद् प्रधान है क्योंकि उसमें विशुद्ध ब्रह्मविद्या का निरूपण किया गया है। पर ब्रह्मज्ञान के लिए चित्तशुद्धि और आचार्य की अनुकम्पा की आवश्यकता है। अत: प्रथम शिक्षावल्ली में विविध प्रकार की उपासनाओं और शिष्टाचार का निरूपण किया गया है जिनके आश्रयण करने से औपनिषद सिद्धान्त को हृदयङ्गम करना सरल हो जाता है।

इस प्रकार भाष्य लिखते समय भगवान् भाष्यकार ने मोक्ष का साधन एकमात्र कैवलाद्वैत ब्रह्मज्ञान को ही युक्ति और शास्त्र प्रमाण से सिद्ध किया है। मीमांसकों के अभिमत स्वर्ग और उसके साधनों को अनित्य बतलाया है। शिक्षावल्ली के अनुवाक्यों की संक्षिप्त व्याख्या करते हुए अन्त में भाष्यकार ने कुछ विशद विचार किया है। इस समस्त वल्ली में प्रायश: गृहस्थोचित सदाचार का निरूपण होने के कारण किसी को शङ्का हो सकती है कि

यही मोक्ष का प्रधान साधन है। अतः आचार्य ने मोक्ष के साक्षात् साधन के निर्णय के लिए पाँच विकल्प किए हैं। मोक्ष कर्म से या ज्ञान सापेक्ष कर्म से, या कर्म सापेक्ष्य ज्ञान से या ज्ञानकर्म के समुच्चयानुष्ठान से अथवा केवल ज्ञान से मोक्ष मिलता है? इनमें से प्रथम चार पक्षों का खण्डन कर ज्ञान को ही मोक्ष का साक्षात् साधन सिद्ध किया है। कर्म और उपासना चित्तशुद्धि एवं चित्तैकाग्रय के साधन होने के कारण परम्परा से मोक्ष के साधन हैं। द्वितीय ब्रह्मानन्द वल्ली में ब्रह्मविद्या का प्रतिपादन किया गया है। ब्रह्म और ब्रह्मवित् के स्वरूप का विचार ही ब्रह्मविद्या है। जिसका फल परतत्त्व की प्राप्ति है। इन्हीं बातों का विचार इस वल्ली में किया गया है। जिसका सूत्रभूत वाक्य है **"ब्रह्मविदाप्नोति परम्"**। **"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"** इस वाक्य से ब्रह्म का स्वरूप लक्षण कहा गया है। इस लक्षण से लक्षित ब्रह्म की उपलब्धि का द्वार पञ्चकोशों का विवेक कहा है जो इन पञ्चकोशों के अन्तरतम आधाररूप से प्रतिष्ठित है। उस ब्रह्म को सत् कहने वाले पुरुष की प्रशंसा और असत् मानने वाले की निन्दा की गयी है। वस्तुतः असत् शब्द का अर्थ अव्याकृत ब्रह्म है, अत्यन्ताभाव अर्थ नहीं है। वह ब्रह्म इस स्वरूप वाला है जिसे प्राप्तकर जीव इस रूप (आनन्दस्वरूप) हो जाता है। उसी आनन्द के लेश से सभी प्राणी सजीव हो रहे हैं। उस परमात्मा से अभेदभाव को प्राप्तकर ब्रह्मवित्पुरुष सर्वथा अभय हो जाता है किन्तु थोड़ा भी अन्तर देखने वाला पुरुष भय को प्राप्त करता है।

इस प्रकार ब्रह्मनिष्ठ की अभय प्राप्ति का वर्णन कर ब्रह्म के सर्वान्तर्यामित्व को बतलाते हुए ब्रह्मज्ञानी के आनन्द की सर्वोत्कृष्टता दिखलायी गयी है। मनुष्य, मनुष्य गन्धर्व, देवगन्धर्व, पितृगण, आजानजदेव, कर्मदेव, देव, इन्द्र, बृहस्पति, प्रजापति और ब्रह्मा के उत्तरोत्तर शतगुण आनन्द आप्तकाम, आत्मकाम ब्रह्मवेत्ता को प्राप्त होता है क्योंकि सर्वात्मा ब्रह्म के साथ अभिन्न होने के कारण सर्वरूप से वही तो सारे आनन्दों का भोक्ता है। इतना ही नहीं, सर्व आनन्द स्वरूप ब्रह्म का ही लेश आनन्द सर्वत्र है जिससे सभी जीव आनन्दित हो रहे हैं।

इसके बाद हृदयपुण्डरीकस्थ और आदित्यमण्डलस्थ पुरुष को अभेदरूप से जानने वाले को दृष्टादृष्ट विषय समूह से निवृत्त होकर समष्टि अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय एवं आनन्दमय आत्मा के साथ तादात्म्य होना कहा गया है। सम्पूर्ण विश्व को अपना स्वरूप समझने के कारण न तो वह किसी से भयभीत होता है और न उससे दूसरा कोई भय खाता है। क्योंकि भय सदा परिच्छिन्न में होता है, अपरिच्छिन्न में नहीं होता।

इस प्रकार ब्रह्मानन्दवल्ली निरूपित ब्रह्मविद्या की प्राप्ति का प्रधान साधन पञ्चकोशों के विवेक को दिखलाने के लिए भृगुवल्ली में वरुण और भृगु का आख्यान दिया गया है। आत्मतत्त्व का जिज्ञासु भृगु अपने पिता वरुण के पास जाकर प्रश्न करता है कि सभी भूतों की उत्पत्ति, स्थिति और लय का जो कारण है, उस तत्त्व का उपदेश मुझे करें। इसके बाद वरुण ने अग्नि, प्राण, चक्षुः, श्रोत्र, मन और वाणी ये छः ब्रह्म की उपलब्धि के मार्ग हैं—ऐसा कहा और साथ ही उसे तप करने का आदेश भी दिया। भृगु ने मनःसमाधान रूप तप द्वारा क्रमशः अन्नादि को ब्रह्म समझकर और उनमें दोष देखकर अन्त में आनन्द को ब्रह्मरूप से निश्चय किया। इन विभिन्न उपासनाओं द्वारा अपने सर्वात्मभाव का अनुभव कर भृगु कृतकृत्यता को व्यक्त करते हुए लोकातीत आनन्द में निमग्न हो विस्मय पूर्वगानेलगताहै—**"अहमन्नमहमन्नमहमन्नम्। अहमन्नादोऽ३हमन्नादोऽ३हमन्नादः। अहँश्लोककृदहँश्लोककृदहँश्लोककृद्"** इत्यादि। यह उसकी उन्मत्तोक्ति अनुभूति तथा कृतकृत्यता का हार्दिक उद्गार है। एवं आध्यात्मिक विजय का डिण्डिम उद्घोष है। इस प्रकार विचार करने पर यह उपनिषद् ब्रह्मविद्या प्रधान सिद्ध होती है।

इसके अतिरिक्त ग्रन्थों के तात्पर्य निर्णायक षड्विधलिङ्गों द्वारा विचार करने पर भी तैत्तिरीयोपनिषद् का तात्पर्य अद्वय ब्रह्म में ही निश्चित होता है। यथा—

१— **"ब्रह्मविदाप्नोति परम्"** (२।१ ब्रह्मज्ञानी परब्रह्म को प्राप्त कर लेता है) इस उपक्रम और **"स यश्चायं**

पुरुषे यश्चासावादित्ये स एकः" (२।८ जो यह पुरुष में है तथा जो यह आदित्य है, वह एक ही है।) इस उपसंहार की एक वाक्यता है।

२—अभ्यास-**"तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः"** (२।१) उसी इस आत्मा से आकाश उत्पन्न हुआ। **"यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्येऽनिरुक्तेऽनिलयने"** (२।७) जब भी यह ज्ञानी इस अदृश्य, शरीर, वाणी के अविषय और सर्वाधार अनाधार आत्मा में अभय प्रतिष्ठा प्राप्त करता है। **"भीषास्माद्वातः पवते"** (२।८) इसी परमात्मा के भय से वायु बहता है। ये सब अभ्यास हैं।

३— अपूर्वता-**"यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह"** (२।४) जहाँ से प्राप्त किये बिना ही मनके सहित वाणी लौट आती है। इस वाक्य द्वारा मन-वाणी से उपलक्षित सभी प्रमाणों का अविषय बतलाकर अपूर्वता ही कही गयी है।

४—फल-**"सोऽश्नुते सर्वान्कामान्सह ब्रह्मणा विपश्चिता"** (२।१) वह ज्ञानी चिद्रूप ब्रह्म के साथ अभिन्न हुआ सभी भोगों को एकसाथ प्राप्त कर लेता है। इस वाक्य से फल बतलाया गया है। ५—**अर्थवाद-"यदुदरमन्तरं कुरुते। अथ तस्य भयं भवति"** (२।७) जो थोड़ा भी भेद करता है, उसे तत्काल भय होता है। इस वाक्य से भेददर्शन की निन्दा और कृतकृत्यता के ज्ञान से विद्वान् की स्तुति की गयी है, यही अर्थवाद है। ६—**उपपत्ति—"यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते ···"** (३।१) जिससे ये सभी भूत उत्पन्न होते हैं··· **"तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राशित्"** (२।६) उसकी सृष्टि कर उसी में प्रविष्ट हो गया! इत्यादिसे कार्यकारण के अभेदबोधक सृष्टि वाक्य द्वारा तथा प्रवेष्टा प्रवेश्य के अभिन्नत्व बोधक वाक्य द्वारा उपपत्तिरूप अन्तिम लिङ्ग से केवलाद्वैत ब्रह्मबोधन में ही इस श्रुति का परम तात्पर्य है।

कैलास आश्रम शताब्दी प्रसङ्ग पर प्रस्तावित प्रकाशनों में तैत्तिरीयोपनिषद् का प्रकाशन अपना विशिष्ट स्थान रखता है। अब तक विभिन्न प्रकाशनों में केवल संस्कृत टीका सहित अथवा हिन्दी या आङ्गलादि भाषा में किये गये अनुवाद के सहित तैत्तिरीयोपनिषद् का प्रकाशन हो पाया था। पर प्रस्तुत प्रकाशन में मूलमन्त्र, उसकी हिन्दी व्याख्या, शाङ्कर भाष्य, उसकी आनन्दगिरि टीका और हिन्दी व्याख्या एवं कैलास आश्रम की प्राचीनतम टिप्पणियाँ भी दी गयी हैं। जिससे यह प्रकाशन पूर्व के सभी प्रकाशनों को अतिक्रमण कर जाता है। इसे विज्ञ पाठक स्वयं ही समझेंगे। इसके शाङ्कर भाष्य पर व्याख्या लिखते समय हमारे विचारों को लिपिबद्ध करने एवं टिप्पणों की प्रेस कापी में ब्रह्मचारी श्री रामानन्द जी शास्त्री ने अथक परिश्रम किया है। इसके सम्पादन में डॉ० उमेशानन्द जी शास्त्री एवं स्वर्ण लाल तुली जी ने बुद्धि कौशल का अपूर्व परिचय दिया है। अतः हम इन सभी महानुभावों की भूरिशः मङ्गल कामना करते हैं। पाठकगण इस प्रकाशन से लाभ उठाकर अपने जीवन को सफल बनायें।

प्रथमावृत्ति की अपेक्षा इस द्वितीयावृत्ति में कम्प्यूटर यंत्र का उपयोग होने के कारण पाठकों को सौविध्य होगा। इस विश्वास के साथ लेखनी को विश्राम दे रहे हैं।

इत्योंशम्

भगवत्पादीयः
परमादर्श आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी विद्यानन्द गिरि
कैलास आश्रम ब्रह्मविद्यापीठ, ऋषिकेश (उ० प्र०)

अनन्त चतुर्दशी
वि० सं० २०४०
शारदीयनवरात्रि वि० सं० २०५५

ॐ

विषयानुक्रमणिका

शिक्षावल्ली

सम्बन्धभाष्य १
शिक्षावल्ली का शान्तिपाठ १०
शिक्षा की व्याख्या १३
पञ्चविधसंहितोपासना १४
श्रीकाम और मेधाकाम पुरुषों के लिए जप तथा होम मन्त्र १८
व्याहृति स्वरूप ब्रह्म की उपासना २४
ब्रह्म का उपलब्धि स्थान हृदयाकाश है २८
पाङ्क्त रूप से ब्रह्म की उपासना ३३
ओंकार उपासना का विधान ३५
ऋतादि शुभ कर्मों की अवश्यकर्तव्यता का विधान ३८
त्रिशंकु का वेदानुवचन ४१
स्नातकों को आचार्य का उपदेश ४४
मोक्ष साधन पर विचार ५१

ब्रह्मानन्दवल्ली

ब्रह्मानन्दवल्ली का शान्ति पाठ ६२
ब्रह्मवेत्ता को सर्वकाम की प्राप्ति, सृष्टिक्रम और अन्नमय कोश ६३
अन्न महिमा और प्राणमय कोष का वर्णन ८४
प्राण की महिमा और मनोमय कोश ८८
मनोमय कोश की महिमा और विज्ञानमय कोश का वर्णन ९३
विज्ञानमय की महिमा तथा आनन्दमय का वर्णन ९५
सत् और असत् रूप से ब्रह्म को जानने का फल तथा सम्पूर्ण प्रपंचरूप से ब्रह्म की स्थिति १०१
ब्रह्मानन्दानुभवी विद्वान् किसी से भयभीत नहीं होता। १४०

भृगुवल्ली

भृगु के प्रति वरुण का उपदेश १४३
अन्न को ब्रह्म रूप से जानकर पिता की आज्ञा से भृगु का पुनः तप करना १४७
आनन्द को ब्रह्म रूप से निश्चय करना तथा भार्गवी विद्या की महिमा एवं फल १५०
अन्न की अनिन्दा रूप व्रत तथा शरीरादि अन्न ब्रह्म की उपासना का फल १५३
आदित्य और देह में स्थित चेतन की अभेद उपासना का फल १६४

ॐ

अथ तैत्तिरीयोपनिषन्मन्त्राणां वर्णानुक्रमणिका

अथाध्यात्मम्। अधरा हनुः	१७
अन्तेवास्युत्तररूपम्। विद्या संधिः	१६
अन्नं न निन्द्यात्	१५३
अन्नं न परिचक्षीत	१५४
अन्नं बहुकुर्वीत	१५५
अन्नं ब्रह्मेति व्यजानात्	१४७
अन्नाद्वै प्रजा प्रजायन्ते	८४
असद्वा इदमग्र आसीत्	११७
असन्नेव स भवति	१०१
अहमन्नमहमन्नमहमन्नम्	१६६
अहं वृक्षस्य रेरिवा	४१
आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्	१५०
ऋतं च स्वाध्यायप्रवचने च	३८
ओमिति ब्रह्म	३५
कुर्वाणाऽचीरमात्मनः	२१
तन्नम इत्युपासीत	१५९
देवपितृकार्याभ्यां न प्रमदितव्यम्	४७
न कंचन वसतौ प्रत्याचक्षीत	१५६
नो इतराणि। ये के चास्मच्छ्रेयांसो	४८
पृथिव्यन्तरिक्षं द्यौर्दिशो	३३
प्राणं देवा अनु प्राणन्ति	८८
प्राणो ब्रह्मेति व्यजानात्	१४८
ब्रह्मविदाप्नोति परम्	६३
भूर्भुवः सुवरिति वा एतास्तिस्रो	२४
भीषास्माद्वातः पवते	१२३
भृगुर्वै वारुणिः	१४४
मनो ब्रह्मेति व्यजानात्	१४९
मह इत्यादित्यः	२५
मह इति ब्रह्म	२६
य एवं वेद। क्षेम इति वाचि	१५७
यतो वाचो निवर्तन्ते	९३
यतो वाचो निवर्तन्ते	१३९
यश इति पशुषु	१५९
यश्छन्दसामृषभो विश्वरूपः	१८
यशो जनेऽसानि स्वाहा	२२
ये तत्र ब्राह्मणाः समर्शिनः	४९
वायुः संधानम्। इत्यधिलोकम्	१६
विज्ञानं ब्रह्मेति व्यजानात्	१५०
विज्ञानं यज्ञं तनुते	९५
वेदमनूच्याऽऽचार्योऽन्तेवासिनमनुशास्ति	४४
शीक्षां व्याख्यास्यामः। वर्णः स्वरः	१२
शं नो मित्रः शं वरुणः	१०
शं नो मित्रः शं वरुणः	५०
शं नो मित्रः शं वरुणः	६१
शं नो मित्रः शं वरुणः	६२
श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य	१२७
श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य	१२७
स एको मनुष्यगन्धर्वाणामानन्दः	१२५
स य एवंवित्	१६३
स य एषोऽन्तर्हृदय आकाश	२९
स यश्चायं पुरुषे	१२९
सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु	६२
सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु	१४२
सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु	१४३
सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु	१६९
सह नौ यशः। सह नौ ब्रह्मवर्चसम्	१४
सुवरित्यादित्ये। मह इति ब्रह्मणि	३१

हरि ॐ तत्सत्।

ॐ तत्सद्ब्रह्मणे नमः।

कृष्णयजुर्वेदीयतैत्तिरीयारण्यकान्तर्गता

तैत्तिरीयोपनिषत्

* * *

सटिप्पणसंस्कृतहिन्दीटीकाद्वयसंवलितशांकरभाष्यसमेता

(श्रीमच्छङ्करभगवत्पादाचार्यविरचितं भाष्यम्)

यस्माज्जातं जगत्सर्वं यस्मिन्नेव प्रलीयते।
येनेदं धार्यते चैव तस्मै ज्ञानात्मने नमः।।१।।
यैरिमे गुरुभिः पूर्वं पदवाक्यप्रमाणतः।
व्याख्याताः सर्ववेदान्तास्तान्नित्यं प्रणतोऽस्म्यहम्।।२।।

(श्रीमदानन्दगिर्याचार्यकृता टीका)

सत्प्रकाशसुखाभिन्नं यन्[1]मन्त्रेण प्रकाशितम्। विवृतं [2]ब्राह्मणे तत्स्या[3]मदृश्यं ब्रह्म [4]निर्भयम्।।

यजुर्वेदशाखाभेदं तैत्तिरीयकोपनिषदं व्याचिख्यासुर्भगवान्भाष्यकारस्तत्प्रतिपाद्यं ब्रह्म जगज्जन्मनादिकारणत्वेन तटस्थलक्षणेन मन्दमतीन्प्रति सामान्येनोपलक्षितं सत्यज्ञानादिना च स्वरूपलक्षणेन विशेषतो विनिश्चितं नमस्कारच्छलेन संक्षेपतो दर्शयति –

यस्माज्जातमिति। निमित्तोपादनत्वयोः पञ्चम्याः साधारण्यादुभयविधमपि हेतुत्वमिह विवक्षितम्। कार्यविलयस्य प्रकृतावेव नियतत्वाद्विशेषतः प्रकृतित्वमाह – यस्मिन्निति। कार्यधारणस्य निमित्ते धर्मादावपि प्रसिद्धत्वाद् धारणकारणत्वमाह – येनेति। ज्ञानात्मन इति स्वरूपलक्षणसूचनम्।।१।।

गुरुभक्तेर्विद्याप्राप्तावन्तरङ्गसाधनत्वं ख्यापयितुं गुरून्प्रणमति–
यैरिति। [5]पदानि च[6]वाक्यानि च प्रमाणं चानुमानादि तद्विवेचनेन व्याख्याता इत्यर्थः।।२।।

(स्वामी विद्यानन्दगिरिकृत 'मिताक्षरा' टीका)

सम्बन्ध भाष्य

जिससे सम्पूर्ण जगत् उत्पन्न हुआ है, जिसमें ही लीन होता है और जिसके द्वारा धारण किया जाता है; उस ज्ञान स्वरूप को मेरा नमस्कार है ।।१।।

पद, वाक्य और प्रमाणों के द्वारा पूर्वकाल में जिन गुरुजनों ने इन सम्पूर्ण उपनिषदों की व्याख्या की है; उन्हें मैं सदा प्रणाम करता हूँ ।।२।।

(विद्यावाचस्पतिस्वामिविष्णुदेवानन्दगिरिकृतटिप्पणम्)

१. मन्त्रेणेति–सत्यं ज्ञानमित्यादिमन्त्रेणेत्यर्थः। २. ब्राह्मणे–तस्माद्वा एतस्मादित्यादिग्रन्थे। ३. अदृश्यमिति–निहितं गुहायाम्। एतस्मिन्नदृश्य इत्यर्थसंग्रहः। ४. न बिभेति अभयं प्रतिष्ठां, भीषास्मादित्याद्यर्थं, गृह्णाति–निर्भयमिति। ५. पदानीति–तत्त्वमादीनीत्यर्थो बहुवचनादवगम्यते। ६. वाक्यानि अवान्तराणि महान्ति चेत्यर्थः। व्याकरणमीमांसे वा पदवाक्ये।

[1]तैत्तिरीयकसारस्य मयाऽऽचार्यप्रसादतः।
विस्पष्टर्थरुचीनां हि व्याख्येयं संप्रणीयते।।३।।

नित्यान्यधिगतानि कर्माण्युपात्तदुरितक्षयार्थानि, काम्यानि च फलार्थिनां [2]पूर्वस्मिन्ग्रन्थे।

इदानीं कर्मोपादानहेतुपरिहाराय ब्रह्मविद्या प्रस्तूयते। कर्महेतुः कामः स्यात्। प्रवर्तकत्वात्। आप्तकामानां हि कामाभावे स्वात्मन्यवस्थानात्प्रवृत्त्यनुपपत्तिः। आत्म-

---

चिकीर्षितं निर्दिशति—

तैत्तिरीयकेति। व्युत्पन्नस्य पदेभ्य एव पदार्थस्मृतिसंभवात्पदस्मारितपदार्थानां संसर्गस्यैव वाक्यार्थत्वात्सूत्रकारेणोपनिषत्तात्पर्यस्य निरूपितत्वाच्च व्यर्थः पृथग्व्याख्यारम्भ इत्याशङ्क्याऽऽह — विस्पष्टार्थेति। मन्दमतीनां स्वत एव निःशेषपदार्थस्मरणासंभवादुपनिषद्गतनिःशेषपदार्थानां विशिष्य निःसंशयं ज्ञानं ये रोचयन्ते तेषामुपकारायेत्यर्थः।।३।।

कर्मविचारेणैवोपनिषदो गतार्थत्वादुपनिषत्प्रयोजनस्य निःश्रेयसस्य कर्मभ्य एव संभवात्पृथग्व्याख्यारम्भो न युक्त इत्याशङ्कामपनेतुं कर्मकाण्डार्थमाह — नित्यानीति। "अथातो धर्मजिज्ञासा" इति जैमिनिना। धर्मग्रहणेन सिद्धवस्तुविचारस्य पर्युदस्तत्वान्नोपनिषदो गतार्थत्वमित्यर्थः। तानि च कर्माणि संचितदुरितक्षयार्थानि "धर्मेण पापमपनुदति" (महाभा० १६-१२) इति श्रुतेर्न निःश्रेयसार्थानि। न केवलं जीवतोऽवश्यकर्तव्यान्यधिगतानि फलार्थिनां काम्यानि च। न तान्यपि निःश्रेयसार्थानि। "स्वर्गकामः" "पशुकामः" इत्यादिवन्मोक्षकामोऽदः कुर्यादित्यश्रवणात्। अतः संसार एव कर्मणां फलमित्यर्थः।

कर्मकाण्डार्थमुक्त्वा तत्राविचारितमुपनिषदर्थमाह — इदानीमिति। कर्मणामुपादानेऽनुष्ठाने यो हेतुस्तन्निवृत्त्यर्थं ब्रह्मविद्याऽस्मिन्ग्रन्थ आरभ्यते। अतः सनिदानकर्मोन्मूलनार्थत्वादुपनिषदः कर्मकाण्डविरुद्धत्वान्न गतार्थत्वमित्यर्थः। कर्मानुष्ठाने हेतुर्नियोगस्तस्य प्रमाणसिद्धत्वान्न विद्यया विरोध इत्याशङ्क्याऽऽह — कर्महेतुरिति। अस्येदं साधनमित्येतावच्छास्त्रेण बोध्यते। यस्य यत्राभिलाषः स तत्र प्रवर्तते कामत एव। अतो न नियोगस्य प्रवर्तक(त्व)संभावनाऽपीत्यभिप्रायः। सति कामे प्रवृत्तिरित्यन्वय उक्तः। कामाभावे न प्रवृत्तिरिति व्यतिरेकमाह — आप्तेति। अभिलषितविषयप्राप्तिः कामनिवृत्तौ हेतुः। न विद्या। अतः कथं कर्महेतुपरिहाय विद्यारम्भ इत्याशङ्क्याऽऽह — आत्मकामत्वे

विस्पष्ट अर्थ जानने की इच्छा वाले पुरुषों के लिये आचार्य की कृपा से मैं तैत्तिरीय शाखा के सारभूत इस उपनिषद् की व्याख्या करता हूँ।।३।।

जिनका मुख्य प्रयोजन संचित पापों का क्षय करना ही है, ऐसे नित्य कर्मों का तथा फलकाम पुरुषों के लिये विहित काम्य कर्मों का इससे पूर्ववर्ती कर्मकाण्ड ग्रन्थ में परिज्ञान हो चुका है।

अब कर्मानुष्ठान के उपादान कारण अविद्या की निवृत्ति के लिये ब्रह्मविद्या प्रारम्भ की जाती

---

१. तैत्तिरीयकसारस्येति—तैत्तिरीयकशाखासारभूताया उपनिषद इत्यर्थः। २. पूर्वस्मिन् ग्रन्थ इति—ब्रह्म सन्धत्तं तन्मे जिन्वतमित्यादिकाण्डत्रयात्मके तैत्तिरीयब्राह्मण इत्यर्थः। हे ग्रहौ शुक्रमन्थिपात्रौ युवां ब्रह्म यजमानसम्बन्धिनीं ब्राह्मणजातिं सन्धत्तं स्वोचितधर्मराहित्यं यथा न भवति तथा सम्पादयतम् इति निर्दिष्टवाक्यार्थः।

कामत्वे चाऽऽप्तकामता। आत्मा हि ब्रह्म। तद्विदो हि परप्राप्तिं वक्ष्यति। अतोऽविद्यानिवृत्तौ स्वात्मन्यवस्थानं परप्राप्तिः। "अभयं प्रतिष्ठां विन्दते" (तै० २.७) "एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति" (तै० २.८) इत्यादिश्रुतेः।

काम्यप्रतिषिद्धयोरनारम्भादारब्धस्य चोपभोगेन क्षयान्नित्यानुष्ठानेन प्रत्यवायाभावादयत्नत एव स्वात्मन्यवस्थानं मोक्षः। अथवा निरतिशयायाः प्रीतेः स्वर्गशब्दवाच्यायाः कर्महेतुत्वात्कर्मभ्य एव मोक्ष इति चेन्न। कर्मानेकत्वात्। अनेकानि

चेति। कामितविषयप्राप्त्या कामस्य तात्कालिकोपशममात्रं नतूच्छेदः। पुनर्विषयाकाङ्क्षादर्शनात्। आप्तकामताऽपि(आत्यन्तिकी) निरङ्कुशाऽऽत्मैव वस्तु नान्यत्ततोऽस्तीत्येवंरूपाऽऽत्मकामत्वे सति भवति। कामयितव्याभावादेवाऽऽत्मानं ह्यद्वयानन्दरूपमजानन्नेव व्यतिरिक्तं विषयं पश्यन्कामयते। ततः कामस्याऽऽत्माविद्यामूलत्वादात्मविद्यैव तन्निवृत्तिहेतुरित्यर्थः। भवत्वात्मविद्या कामविरोधिनी कर्महेतुपरिहाणाय ब्रह्मविद्या प्रस्तूयत इति कथमुक्तं तत्राऽऽह – आत्मेति। [१]आनन्दमयं परमात्मानमादाय [२]श्रुतिरुदाहृता।

एवं तावत्कर्मकाण्डेनागतार्थत्वात्कर्मभ्योऽसंभाव्यमाननिःश्रेयसप्रयोजनत्वाच्चोपनिषदो व्याख्यारम्भं संभाव्य पुनरनारम्भवादिनोऽभिप्रायमुद्भावयति – काम्यप्रतिषिद्धयोरिति। आत्यन्तिकागामिशरीरानुत्पादे स्वरूपावस्थानं निःश्रेयसं, शरीरानुत्पादश्च हेत्वभावादेव सेत्स्यति किं ज्ञानार्थोपनिषदारम्भेणेत्यर्थः। मतान्तरमाह – अथवेति। यदेव स्वर्गसाधनं ज्योतिष्टोमादि तदेव मोक्षसाधनं निरतिशयप्रीतेः स्वर्गपदार्थस्य मोक्षादन्यत्रासंभवात्सति शरीरे क्लेशावश्यंभावादित्यर्थः। [३]ऐकभविकपक्षमाद्यं मतं प्रत्याख्याति – नेत्यादिना। यद्यपि वर्तमाने देहे काम्यं प्रतिषिद्धं च नाऽऽरभेत मुमुक्षुस्तथाऽपि संचितस्यानेकस्य संभवाद्धेत्वभावोऽसिद्ध इत्यर्थः। [४]प्रायेणानभिव्यक्तानि सर्वाण्येव कर्माणि

है। कर्म का कारण कामना ही हो सकती है क्योंकि कामना कर्म का प्रवर्तक है। आप्तकाम पुरुषों में कामनाओं का अभाव हो जाने पर स्वरूप में स्थिति हो जाने से कर्म में प्रवृत्ति होना सम्भव नहीं है। आत्म-दर्शनाभिलाषा पूर्ण होने पर ही आप्तकामता आती है क्योंकि आत्मा ही ब्रह्म है और ब्रह्मवेत्ता को परब्रह्मकी प्राप्ति श्रुति आगे बतलाने वाली है। अतः अविद्या की निवृत्ति हो जाने पर अपने आत्मा में स्थिति हो जाना ही परमात्मा की प्राप्ति है। ऐसा ही "अभय पद को प्राप्तकर लेता है" "इस आनन्दमय आत्मा को प्राप्त कर लेता है" इत्यादि श्रुतियों से सिद्ध होता है।

पूर्वपक्षः—काम्य और निषिद्ध कर्मो के आरम्भ न करने से प्रारब्ध कर्मों का भोग द्वारा क्षय हो जाने पर तथा नित्य कर्मों के अनुष्ठान द्वारा प्रत्यवायों का अभाव हो जाने से अनायास ही अपने आत्मा में स्थिति रूप मोक्ष प्राप्त हो जायगा अथवा स्वर्ग शब्द वाच्य निरतिशय प्रीति कर्म जनित होने के कारण कर्मों से मोक्ष हो सकता है। यदि ऐसा माना जाय तो कैसा रहेगा?

---

१. आनन्दमयं परमात्मानमादायेति– आनन्दमयोऽभ्यासादित्यत्र वृत्तिकारमतेनानन्दमयः परमात्मैव निश्चित इति तन्मतेनानन्दमयं परमात्मानं विवक्षित्वा न तु कोशमेव पञ्चममित्यर्थः। २. श्रुतिः एतमानन्दमयमात्मानमित्यादिका। ३. ऐकभविकेति–एको भवः प्रयोजनमस्येति विग्रहः। ४. जातमृते मृतजाते वा व्यभिचारं पश्यन्नाह–प्रायेणेति। नासौ मुक्त इति शक्यमभ्युपगन्तुं संसारमोचकमतानुपेक्षाप्रसंगादित्यवधेयम्।

ह्यारब्धफलान्यनारब्धफलानि चानेकजन्मान्तरकृतानि विरुद्धफलानि कर्माणि संभवन्ति। अतस्तेष्वनारब्धफलानामेकस्मिञ्जन्मन्युपभोगक्षयासंभवाच्छेषकर्मनिमित्तशरीरारम्भोपपत्तिः कर्मशेषसद्भावसिद्धिश्च। "तद्य इह रमणीयचरणाः" (छा० ५-१०-७) "[१]ततः शेषेण" इत्यादिश्रुतिस्मृतिशतेभ्यः। इष्टानिष्टफलानामनारब्धानां क्षयार्थानि नित्यानीति चेन्न। अकरणे [२]प्रत्यवायश्रवणात्। प्रत्यवायशब्दो ह्यनिष्टविषयः। नित्याकरणनिमित्तस्य प्रत्यवायस्य दुःखरूपस्याऽऽगामिनः परिहारार्थानि नित्यानीत्यभ्युपगमान्नानारब्धफलकर्मक्षयार्थानि। यदि नामानारब्धकर्मक्षयार्थानि नित्यानि कर्माणि तथाऽप्यशुद्धमेव क्षपयेयुर्न शुद्धम्। विरोधाभावात्। न हीष्टफलस्य कर्मणः शुद्धरूपत्वान्नित्यैर्विरोध उपपद्यते। शुद्धाशुद्धयोर्हि

संभूयैकं शरीरमारभन्ते तत्र सर्वेषामुपभोगेन क्षयि (पि) तत्वात्संचितं कर्मैव नास्तीतिशङ्कानिराकरणायोक्तम् – विरुद्धफलानीति। स्वर्गनरकफलानां ज्योतिष्टोमब्रह्महत्यादीनामेकस्मिन्देहे भोगेन क्षयासंभवात्प्रायेणा[३]स्य सर्वाभिव्यञ्जकत्वे प्रमाणाभावाद्बलवता प्रतिबद्धस्य दुर्बलस्यावस्थानं संभवतीत्यर्थः। संभावनामात्रमेतन्नात्र प्रमाणमस्तीत्याशङ्क्याऽऽह – कर्मशेषेति। प्रेत्य स्वकर्मफलमनुभूय ततः शेषेण जन्म प्रतिपद्यन्त इति स्वर्गादवरोहतां कर्मशेषं (ष) सद्भावं दर्शयतीत्यर्थः। संचितकर्मसद्भावमङ्गीकृत्य देहान्तरारम्भो न भविष्यतीत्याह – इष्टेति। एतद्ध (द्धा) ष्टानां सिद्धान्तविरुद्धमित्याह – नेति। [४]मुमुक्षुणाऽनुष्ठितस्य नित्यादेः संचितकर्मक्षयार्थत्वाभ्युपगमेऽपि ना[५]भिमतसिद्धिरित्याह – यदि नामेति।

सिद्धान्तीः—ऐसा मानना ठीक नहीं; क्योंकि कर्म अनेकों हैं। अनेक जन्मान्तरों में किये गये ऐसे अनेकों विरुद्ध फल वाले कर्म हो सकते हैं। उनमें से कुछ तो फल देने के लिए उन्मुख हो चुके हैं और कुछ अभी फलोन्मुख नहीं हुये हैं उनका एक जन्म में नाश होना असम्भव होने के कारण उन अनारब्ध शेष कर्मों से पुनः शरीर का आरम्भ होगा ही। "इस लोक में जो शुभकर्म करने वाले हैं वे शुभ योनि को प्राप्त करते हैं" "शेष कर्मों द्वारा (जीवन को आगामी शरीर प्राप्त होता है)" इत्यादि सैकड़ों श्रुति स्मृतियों से प्रारब्धातिरिक्त कर्मों के सद्भाव की सिद्धि हो जाती है।
पूर्वपक्षः— इष्ट और अनिष्ट फल देने वाले संचित कर्मों के क्षय के लिये ही नित्य कर्म माने जाएँ (नित्य कर्म हैं, ऐसा मानें) तो;
सिद्धान्तीः— यह भी ठीक नहीं है क्योंकि नित्य कर्मों के न करने पर प्रत्यवाय होना सुना जाता है। प्रत्यवाय शब्द अनिष्ट का ही वाचक है। नित्य कर्मों के न करने से जो भावी दुःखरूप प्रत्यवाय होता है उसी के नाश हेतु नित्य कर्म किये जाते हैं। ऐसा मानने पर संचित कर्मों के नाश के लिये उन्हें मानना उचित होगा नहीं और जिनका फल अभी आरम्भ नहीं हुआ है, ऐसे अनारब्ध

---

१. गौतमस्मृ० (२.२१.) ११ अध्याय भा० "वर्णा आश्रमाश्च स्वकर्मनिष्ठाः प्रेत्य कर्मफलमनुभूय ततः शेषेण विशिष्टदेशजातिकुलरूपायुःश्रुतवृत्तवित्तसुखमेधसो जन्म प्रतिपद्यन्ते" इति स्मृत्येकदेशमुपादत्ते ततः शेषेणेति। २. प्रत्यवायश्रवणादिति अकुर्वन् विहितं कर्म। एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्तीत्यादावित्यर्थः। ३. अस्य वर्तमानस्य देहस्येत्यर्थः। ४. भाट्टपक्षस्य निरसिष्यमाणत्वादाह—मुमुक्षुणेत्यादि। कथमन्यथा स्वर्गफलमपि कर्म निष्कामेणानुष्ठीयमानं शुद्ध्यर्थमुपगम्येत। दृष्टं च मारकमपि केवलविषादि अनुपानादिना पुष्टिकरमिति भावः। ५. अभिमतेति-कर्मसामान्याभावेत्यर्थः।

विरोधो [१]युक्तः।

न च कर्महेतूनां कामानां ज्ञानाभावे निवृत्त्यसंभवादशेषकर्मक्षयोपपत्तिः। [२]अनात्मविदो हि कामोऽनात्मफलविषयत्वात्स्वात्मनि च कामानुपपत्तिर्नित्यप्राप्तत्वात्स्वयं चाऽऽत्मा परं ब्रह्मेत्युक्तम्। नित्यानां चाकरणमभावस्ततः प्रत्यवायानुपत्तिरिति।

---

[३]यच्चोक्तं "मुमुक्षुः[४]काम्यानि वर्जयेत्" इति तदप्य[५]सति विवेकबले दुर्घटम्। सति मूलाज्ञाने कामोद्भवस्य दुर्निवारत्वादित्याह – न च कर्महेतूनामिति। ननु कामो नाज्ञानमूलः [६]आत्मविदामपि कामदर्शनादित्यत आह – स्वात्मनि चेति। सर्वमात्मेति पश्यतां तत्त्वतो विषयाभावादेव कामानुपपत्तिः। [७]अशनादिप्रवृत्तिनिमित्तं तु [८]कामाभास एव [९]वास्तवाभिनिवेशाभावादित्यर्थः। तेषामप्यर्चिरादिमार्गेण ब्रह्मप्राप्तिकामनाऽस्तीति नाऽऽशङ्कनीयमित्याह – स्वयं चेति। यच्चोक्तमकरणनिमित्तप्रत्यवायपरिहारार्थानि नित्यानीति तत्रा[१०]ऽऽह – नित्यानां चेति। आगामि दुःखं प्रत्यवाय उच्यते। तस्य भावरूपस्य नाभावो निमित्तम्। "पापः पापेन" (बृ. ४/४/५) इति श्रुतेः निषिद्धाचरणनिमित्तत्वाद्दुःखस्येत्यर्थः।

"अकुर्वन्विहितं कर्म निन्दितं च समाचरन्।
प्रसज्जंश्चेन्द्रियार्थेषु नरः पतनमृच्छति"।। (म. स्मृ. ११.४४)

कर्मों के नाश के लिये नित्य कर्म यदि माने भी जायँ तो भी वे अशुद्ध कर्मों को ही नाश करेंगे; शुद्ध कर्मों को नहीं क्योंकि शुद्ध कर्म के साथ नित्य कर्म का कोई विरोध नहीं है। इष्ट फल वाले कर्मों को शुद्ध होने के कारण उनका नित्य कर्म के साथ विरोध मानना सम्भव नहीं है; क्योंकि शुद्ध और अशुद्ध कर्मों का ही विरोध मानना युक्तिसंगत है।

इसके अतिरिक्त कर्म के हेतु कामनाओं की निवृत्ति भी ज्ञान के बिना असम्भव होने के कारण उन नित्यकर्मों के द्वारा सम्पूर्ण संचित शुभकर्मों का क्षय होना सम्भव नहीं है; क्योंकि अनात्म फल विषयिणी होने के कारण कामना आत्मज्ञान शून्य पुरुषों को ही हुआ करती है। आत्मा में कामना

---

१. युक्त इति–अशुद्धक्षपणार्थमेव शुद्धात्मकप्रायश्चित्तस्य विधानात्। नहि शुद्धक्षपणायापि शुद्धं विहितं दृष्टमिति भावः। २. अनात्मविदो हि कामोऽवश्यंभावीति शेषः। तत्र हेतुः–अनात्मेति। तद्विषयस्यानात्मफलस्य सत्त्वादित्यर्थः। सति विषये चाविवेकिनः कामावश्यंभावादिति भावः। अनात्मफलं कामयमानः कुतो मुमुक्षुरिति चेन्मुमुक्षातारतम्यात् तदेतत्सूचयतोक्तमसति विवेकबल इति टीकायां मुमुक्षुमात्रं चात्र लक्ष्यमिति भावः। ३. यच्चोक्तमिति– काम्यप्रतिषिद्धयोरनारम्भादिति भाष्य इत्यर्थः ४. काम्यानीति प्रतिषिद्धस्याप्युपलक्षणं भाष्यानुरोधात् प्रतिषिद्धस्यापि काममूलत्वाविशेषादित्यवधेयम्। ५. विवेकप्रबले संभवादाह असतीत्यादि। ६. आत्मविदामपि कामदर्शनादिति– तथा च व्यतिरेकव्यभिचारादिति भावः। "काम जानामि ते मूलं संकल्पात्किल जायस" इति वचनाच्चेत्यपि द्रष्टव्यम्। ७. दर्शनमन्यथयति–अशनादीति। ८. कामाभास इति–न च तदर्थमप्यज्ञानमपेक्ष्यते तस्य तत्संस्कारमात्रनिर्वाह्यत्वात्, अविद्यासंस्कारस्य चाविद्योपादानकत्वेऽप्यविद्यानाशेऽपि यावत्प्रारब्धक्षयं पटनाशेऽपि क्षणं तद्रूपवदवस्थानसंभवान्न तदर्थमपि सा कामयितव्या 'काम जानामी'त्यादि तु संकल्पस्याप्यज्ञानमूलत्वादेव समाधेयमित्यलम्। रूपनाशस्य पटनाशप्रतीक्षेव संस्कारनाशस्याप्रतिबद्धस्याविद्यानाशस्य प्रतीक्षा स च प्रारब्धक्षये सत्येवेति विभावनीयम्। ९. वास्तवमित्यादि–वास्तवमित्यनाग्रहादित्यर्थः। १०. तत्राऽऽहेति–प्रसङ्गस्तत्प्रत्याचष्ट इत्यर्थः। अन्यथा ह्यपर्युदस्तमनुमतं भवतीति न्यायात्तदनुमतं प्रसज्येतेति।

अतः [1]पूर्वोपचितदुरितेभ्यः प्राप्यमाणायाः [2]प्रत्यवायक्रियाया नित्याकरणं लक्षणमिति "अकुर्वन्विहितं कर्म" (म.स्मृ. ११-४४) इति हि शतुर्नानुपपत्तिः।

अन्यथाऽभावाद्भावोत्पत्तिरिति सर्वप्रमाणव्याकोप इति। अतोऽयत्नतः स्वात्मन्य-

---

इति शतृप्रत्ययादकरणस्यापि प्रत्यवायनिमित्तत्वमवगतमित्याशङ्क्याऽऽह — अतः पूर्वेति। यदि यथावन्नित्यनैमित्तिकानुष्ठानमभविष्यत्तदा संचितदुरितक्षयोऽभविष्यत्। न चायं विहितमकार्षीदतः प्रत्यवायी भविष्यतीति शिष्टैर्लक्ष्यते। यथा [3]विचिकित्सञ्श्रोत्रिय इति। ततः शतृप्रत्ययस्यान्यथाऽप्युपपन्नत्वान्न तद्बलादकरणे हेतुत्वमवगन्तुं शक्यत इत्यर्थः।

ननु — "लक्षणहेत्वोः क्रियाया" (सू. ३-२-१२६) व्या. इति शतृप्रत्ययस्योभयत्र विधाने सति [4]किमिति हेतुत्वमेव न गृह्यते तत्राऽऽह — अन्यथेति। भावरूपस्य कार्यस्य भावरूपमेव कारणमिति प्रत्यक्षादिभिरवगतं, शतृप्रत्ययादभावस्य हेतुत्वाभिधाने सर्वप्रमाणविरोधः स्यादित्यर्थः। ननु त्वयाऽप्यकरणस्य प्रत्यवायलक्षणत्वमिष्टम्। भाट्टैश्चानुपलम्भस्याभावप्रमितिहेतुत्वमिष्यते। तार्किकैश्च प्रतिबन्धकाभावस्य तत्तत्प्रागभावस्य च तत्तत्कार्यव्यवस्थापकत्वमिष्यते। तत्कथं भावस्यैव कारणत्वम्। तदुक्तम् — "भावो यथा तथाऽभावः कारणं कार्यवन्मतम्" इति। उच्यते। अस्माभिस्तावदभावस्य स्वरूपेण कारणत्वं नेष्टम्। किंतु [5]तज्ज्ञानस्य प्रत्यवायगमकत्वमिष्टम्। [6]तेन च रूपेण न प्रत्यवायजनकत्वमि[7]ष्यते। नित्याकरणाज्ञाने प्रत्यवायाभावप्रसङ्गात्। भाट्टानामपि च [8]केषांचिज्[9]ज्ञानस्य योग्यानुपलम्भस्याभावप्रमितिहेतुत्वं सत्तया तु प्रमितिहेतुत्वेऽभावप्रमायाः [10]प्रत्यक्षत्वापातः। तार्किकाणामपि प्रतिबन्धकाभा-

---

का होना असम्भव है क्योंकि वह नित्य प्राप्त है। स्वयं आत्मा ही परब्रह्म है, ऐसा कहा जा चुका है और नित्य कर्मों का अनुष्ठान न करना अभाव रूप है, उससे प्रत्यवाय का होना असम्भव है। अतः नित्य कर्मों का न करना यह पूर्व संचित पापों से प्राप्त होने वाली प्रत्यवाय क्रिया का ही लक्षण है। इसीलिये "विहित कर्मों को न करने वाला" इसके अकुर्वन् पद में शतृ प्रत्यय का होना असंगत नहीं है।

अन्यथा अभाव से भाव की उत्पत्ति होने लग जायेगी जो सभी प्रमाणों से विरुद्ध माना जायगा।

---

१. पूर्वोपचितदुरितेभ्यः प्राप्यमाणाया इति—तेभ्यो हेतुभ्यो जनिष्यमाणाया इत्यर्थः। २. प्रत्यवायक्रियाया इति—दुःखस्येति यावत्। दुःखानुकूलनिन्दिताचारादेरिति वार्थः। ३. विचिकित्सञ्श्रोत्रिय इति—विचिकित्सा श्रोत्रियलक्षणमित्यर्थः। भोजनादिव्यवहारेषु युक्तायुक्तत्वादि संशयस्य श्रोत्रियत्वमूलकत्वादिति भावः। ४. किमितीति—युक्तं हि तद्ग्रहणं साहचर्यादिति भावः। ५. तज्ज्ञानस्येति—तज्ज्ञानञ्चानुपलब्धित एवेति न ज्ञानं प्रत्यपि तस्य विषयतया कारणत्वम्। अनुपलब्धिश्च साक्षिभास्यैवेति न तस्या अपि स्वरूपतः कारणत्वं, नाप्यनुपलब्ध्यन्तरं तदर्थमाश्रयितव्यमिति भावः। ६. तेन च रूपेणेति—ज्ञानत्वेनेत्यर्थः। ७. इष्यते त्वयेति शेषः। ८. केषांचिदिति-तदेकदेशिनामित्यर्थः। ९. ज्ञानस्य योग्यानुपलम्भस्येति—तत्र चानवस्थां प्रसज्य "तस्मात् स्वसंवेद्या तन्मात्रसंविदेव दृश्यस्य प्रतियोगिनोऽभावो न तत्त्वान्तरमि"त्युक्तं शास्त्रदीपिकायां तत्र च "घटाद्यभावोऽस्ति प्रमेयं योग्यप्रमाणानुदयश्च तस्य सत्तामात्रेणैव नेत्रादिवद्बोधको न ज्ञाततया यतोऽनवस्था स्यादिति सिद्धान्तितत्वादुक्तम्। १०. प्रत्यक्षत्वापात इति—स्वरूपसत्ता करणेन प्रत्यक्षप्रमाजननस्य चक्षुरादौ नियतत्वादिति भावः।

वस्थानमित्यनुपपन्नम्।

यच्चोक्तं निरतिशयप्रीतेः स्वर्गशब्दवाच्यायाः कर्मनिमित्तत्वात्कर्मारब्ध एव मोक्ष इति। तन्न। नित्यत्वान्मोक्षस्य। [1]न हि नित्यं किंचिदारभ्यते। लोके यदारब्धं तदनित्यमिति। अतो न कर्मारब्धो मोक्षः। [2]विद्यासहितानां कर्मणां नित्यारम्भसामर्थ्यमिति

वस्य कारणत्वे[3]ऽन्योन्याश्रयत्वप्रसङ्गान्न प्रामाणिकत्वम्। प्रागभावस्यापि ज्ञातरूपेण [4]जन्मज्ञापकत्वमेव। यस्मादिदं प्राङ्नाऽऽसीत्तस्मादिदानीं जातमिति। न तु जनकत्वं प्रागभावस्य नियतप्राग्भावित्वेन कारणत्वे प्राक्कालस्य [5]स्ववृत्तितापातः। प्राग्भावित्वमपि नान्यथासिद्धमित्युक्तं तत्त्वालोके। यस्मादकरणनिमित्तप्रत्यवायपरिहारार्थं न नित्यं कर्म किंतु "कर्मणा पितृलोकः" (बृ. उ. १-५-१६) "सर्व एते पुण्यलोका भवन्ति" (छा.२/२३/१) इतिश्रुतेः [6]पितृलोकप्राप्तिफलम्, तस्मान्न यथोक्तचरितस्य शरीरानुत्पाद इत्याह — इत्यत इति।

द्वितीयमतमनूद्य दूषयति — यच्चोक्तमित्यादिना। विद्यासहितेनापि कर्मणाऽऽरभ्यश्चेन्मोक्षस्तर्ह्यनित्य एव। यत्कृतकं तदनित्यमिति व्याप्तिदर्शनादित्युक्तं तत्र [7]व्याप्तिभङ्गं [8]मन्वानः शङ्कते-

---

अतः ऐसा मानना सर्वथा असंगत है कि पूर्वपक्षोक्त रीति से कर्मानुष्ठान द्वारा अनायास ही आत्मस्वरूप में स्थितिरूप मोक्ष प्राप्त हो जायगा।

और जो आपने कहा कि स्वर्गशब्द वाच्य निरतिशय प्रीति कर्म निमित्तक होने के कारण कर्म से ही मोक्ष मिल जायगा। ऐसा कहना ठीक नहीं; क्योंकि मोक्ष नित्य है और कोई भी नित्य वस्तु आरम्भ नहीं की जाती है। लोक में जो भी आरम्भ होने वाली वस्तु है, वह अनित्य ही देखी गयी है।

---

१. मोक्षो न कर्मारब्धो नित्यत्वादित्यत्र व्याप्तिं दर्शयति—न हीति। आत्मादिरत्र दृष्टान्तः। अनुकूलतर्कमाह—लोक इति। यद्यनारब्धत्वं न स्यात्तदा नित्यत्वमपि न स्यादित्यर्थः। अत्रापि तर्कान्तरं सूचयति—इतीति। नियमादिति शेषः। हेतोर्निरुपाधित्वादिति यावत्। न च ध्वंसभिन्नत्वमुपाधिस्तस्य निरसिष्माणत्वादिति भावः। निगमयति—अतो नेति। २. विद्यासहितानि कर्माणि नित्यारम्भकाणि विद्यासहितत्वाद्व्यतिरेकेण केवलकर्मवदिति विवक्षित्वाह—विद्यासहितानामिति। ३. अन्योन्याश्रयत्वप्रसंगादिति—अभावस्य कारणत्वे सिद्धे तत्प्रतियोगिनः प्रतिबन्धकत्वं, प्रतियोगिनः प्रतिबन्धकत्वे च तदभावस्य कारणत्वमित्यन्योऽन्याश्रयादित्यर्थः। कारणीभूताभावप्रतियोगिन एव तैः प्रतिबन्धकत्वाभ्युपगमादिति भावः। ४. जन्मज्ञापकत्वमेवेति—कार्यस्योत्तरकालीनत्वनियामक एव ज्ञातः प्रागभावः कारणत्वनियामिका तु कारणशक्तिरेव कार्योत्पत्तिगम्येति भावः। उक्तं ज्ञापकत्वमेवाभिनयति—यस्मादित्यादिना। ५. स्ववृत्तितापात इति—आधेयतया प्राक्कालविशिष्टस्याभावस्य प्राक्कालवृत्तित्वे विशेषणीभूतस्य प्राक्कालस्यापि प्राक्कालवृत्तित्वावश्यकतया आत्माश्रयत्वं स्यादित्यर्थः। ननु रूपोपहितस्य दण्डादेरिव पूर्वकालोपहितस्यैवाभावस्य कारणत्वं न तु तद्विशिष्टस्येति नोक्तदोष इत्याशङ्क्याऽऽह—प्राग्भावित्वमपि नान्यथासिद्धमिति। कालस्य कार्यमात्रं प्रति कारणत्वाभ्युपगमेन सामग्रयन्तःपातितयाऽन्यथासिद्धत्वासंभवात्। न हि चक्रोपहितमेव दण्डं कारणं मत्वा चक्रस्यान्यथासिद्धत्वमभ्युपगम्यत इति भावः। किञ्च प्रागभावस्यापि प्राग्भावित्वेन कारणत्वे व्यर्थविशेषणत्वमव्यभिचारादित्याह— प्राग्भावित्वमपि चान्यथासिद्धत्वमिति। इति पाठान्तरपक्षः। ६. पितृलोकप्राप्तिफलमिति—शोधकस्यापि ज्ञानात्प्राग्देहपाते पुण्यलोकफलकत्वमानुषङ्गिकमित्यवधेयम्। ७. व्याप्तिभङ्गं व्यभिचारमित्यर्थः। ८. मन्वान इति—अनेन व्यभिचाराभिमान एव वादिनो न तु वस्तुतो व्यभिचार इति सूच्यते।

चेत्। [1]न। विरोधात्। नित्यं चाऽऽरभ्यत इति च विरुद्धम्। [2]यद्विनष्टं तदेव नोत्पद्यत [3]इति। प्रध्वंसाभाववन्नित्योऽपि मोक्ष आरभ्य एवेति चेन्न। मोक्षस्य भावरूपत्वात्। प्रध्वंसाभावोऽप्यारभ्यत [4]इत्यभावस्य विशेषाभावाद्विकल्पमात्रमेतत्। भावप्रतियोगी ह्यभावः।

यद्विनष्टमिति। भावरूपत्वादिति। **यद्भावरूपं कार्यं तदनित्यमिति व्याप्तेस्तव च मोक्षस्य निरतिशयप्रीतेर्भावत्वादनित्यत्वं स्यादेवेत्यर्थः। प्रध्वंसाभावस्य कार्यत्वमभ्युपगम्य यत्प्रध्वंसातिरिक्तकार्यं तदनित्यमिति व्याप्तिर्व्याख्याता। वस्तुतस्तु प्रध्वंसस्य कार्यत्वमपि नास्तीत्याह** — प्रध्वंसेति। **जन्याश्रयत्वं तावत्प्रध्वंसस्य न कार्यत्वम्। जनेर्नैरुक्तैर्भा (क्ते भा) वविकारत्वाभ्युपगमात्। नापि प्रागसतः [5]सत्ता-समवायादिलक्षणम्[6]तदनभ्युपगमात्। नाप्युत्तरकालयोगः। कालेन [7]संबन्धाभावात्। [8]अवच्छेद्यावच्छेदकभावस्य [9]संबन्धान्तरमूलकत्वदर्शनादुत्तरकालस्य प्रध्वंसावच्छेदकत्वं [10]स्वभावश्चेद[11]न्यावच्छेदकत्वं स्वभावो न स्यात्। [12]तस्मादभावस्य निर्विशेषकत्वात्कार्यत्वं कल्पनामात्रमिति भावः। किंच, अभावस्य भावनिषेधमात्रस्वभावत्वाद्भावविरोधित्वाच्च न भावरूपो धर्मः संभवतीत्याह** — भावेति।

अतः मोक्ष कर्म से आरम्भ नहीं हो सकता। **पूर्वपक्षः**-यदि ज्ञान सहित कर्मों में नित्य मोक्ष आरम्भ करने की शक्ति मानें तो? **सिद्धान्ती:**- ऐसा मानना भी ठीक नहीं; क्योंकि ऐसा मानने में विरोध है। मोक्ष नित्य है और वह कर्म से आरम्भ किया जाता है ऐसा कहना परस्पर विरुद्ध है। **पूर्वपक्षः**- जो वस्तु नष्ट हो गयी वही पुनः उत्पन्न नहीं होती है। अतः प्रध्वंसाभाव के समान नित्य होता हुआ भी मोक्ष कर्म से आरम्भ करने योग्य ही है। यदि ऐसा माने तो? **सिद्धान्ती:**- ऐसा मानना भी ठीक नहीं क्योंकि मोक्ष भावरूप है, प्रध्वंसाभाव भी आरम्भ किया जाता है। ऐसा मानना सम्भव नहीं है क्योंकि अभाव में कोई विशेषता न होने के कारण यहाँ केवल विकल्पमात्र ही है। भाव का प्रतियोगी ही अभाव कहलाता है।

---

१. विशिष्टकर्मारभ्योऽपि मोक्षो न नित्यः कार्यत्वाद्घटवदित्यभिप्रेत्याह—न। विरोधादिति। २. यद्विनष्टमिति—यन्नित्यं तन्नोत्पद्यत इति नास्ति नियमो ध्वंसे व्यभिचारात्। किं तर्हि यद्विनाशप्रतियोगि संजातं तदेव पुनर्नोत्पद्यते घटादि तद्विनाशस्तु नित्योऽपि सन्नुत्पद्यत एवेत्यभिप्रायः। इति नियमादित्यर्थः। नित्यत्वमत्र ध्वंसाप्रतियोगित्वमात्रमित्यवधेयम्। ४. इति विकल्पमात्रमेतदित्यन्वयः। तत्र हेतुमाह—अभावस्य विशेषाभावादिति। अधिकरणातिरेकायोगादिति यावत्। अधिकरणमेवाभावत्वेन विकल्प्यत इति भावः। यद्वा प्रध्वंसाभावस्याभावान्तरेभ्यो विशेषाभावादित्यर्थः। तथा च ध्वंसोऽकार्यमभावत्वादत्यन्ताभावादिवदित्यभिप्रायः। वस्तुतस्तु ध्वंसस्य कार्यत्वविशेषाभाववत्त्वादित्यर्थः। तथाच टीकोक्तजन्याश्रयत्वादिरूपकार्यविशेषासंभवात् कार्यत्वसामान्याभावः साध्यते-आरम्भ्यत इति विकल्पमात्रमेतदिति। ५. सत्तासमवायादीत्यादिना—द्रव्यसमवायसंग्रहः। तत्रापि प्रागसत इत्यनुवर्तत एव ६. तदनभ्युपगमादिति-द्रव्यगुणकर्मणामेव तथात्वाङ्गीकारात्त्वयेति भावः। ७. संबन्धाभावादिति - संयोगस्य द्रव्ययोरेव समवायस्य च गुणगुण्यादिष्वेव स्वीकारादिति भावः। ८. अवच्छेद्यावच्छेदकभावसम्बन्धं शङ्कित्वाऽऽह—अवच्छेद्येति। ९. सम्बन्धान्तरेति—समवायादिनैव हि वह्नित्वादेः साध्यताद्यवच्छेदकत्वं दृष्टमिति भावः १०. स्वभाव इति—न हि स्वभावः (सम्बन्धान्तरादि) निमित्तमपेक्षत इति भावः। ११. अन्यावच्छेदकत्वमिति— तथाच कार्यस्य घटादेः कारणापेक्षयोत्तरकालावच्छिन्नत्वं न स्यादिति भावः। १२. ध्वंसकार्यत्वविशेषाणां निरूपयितुमशक्यत्वादभावात् कार्यत्वसामान्याभाव इत्याह—तस्मादित्यादिना।

यथा ह्यभिन्नोऽपि भावो घटपटादिभिर्विशेष्यते। भिन्न इव घटभावः पटभाव इत्येवं निर्विशेषोऽप्यभावः क्रियागुणयोगाद्[१]द्रव्यादिवद्विकल्प्यते। न ह्यभाव उत्पलादिवद्विशेषण-सहभावी। विशेषणवत्त्वे भाव एव स्यात्। विद्याकर्मकर्तृनित्यत्वाद्विद्याकर्मसंतानजनितमोक्ष-नित्यत्वमिति चेत्। गङ्गास्रोतोवत्। न। कर्तृत्वस्य दुःखरूपत्वात्। कर्तृत्वोपरमे च मोक्षविच्छेदात्। तस्मादविद्याकामकर्मोपादानहेतुनिवृत्तौ स्वात्मन्यवस्थानं मोक्ष इति। स्वयं चाऽऽत्मा ब्रह्म तद्विज्ञानादविद्यानिवृत्तिर्मोक्ष इति ब्रह्मविद्यार्थोपनिषदारभ्यते।

ननु—अभावश्चतुर्विधः। तत्रानित्यः प्रागभावः। प्रध्वंसादयस्तु नित्याः। ततः कथं निर्विशेष-त्वमित्याशङ्क्याऽऽह — यथा हीति। [२]भावप्रत्ययस्यैकाकारत्वादेक एव [३]भावो यथाऽवच्छेदकभेदाद्भिन्न इव प्रकाशते। तथा निषेधप्रत्ययस्यैकाकारत्वादेक एवाभावोऽवच्छेदकभेदाद्भिन्न इव प्रकाशते। जायते नश्यति चेति क्रियायोगा[४]त्संख्यागुणयोगाद्द्रव्यवदभावो विकल्प्यते। न तु तत्त्वतः सविशेष इत्यर्थः। इतश्च न तत्त्वतः सविशेष इत्याह — न हीति। विशेषणं हि विशेष्यान्वयि प्रसिद्धम्। प्रतियोगिना च विशेषणेन नाभावस्य सहभावोऽस्ति। घटप्रध्वंसस्य नित्यत्वे घटस्यापि नित्यत्वप्रसङ्गात्। घटसह-भावित्वे च तदभावत्वव्याघाताद्भावाभावयोः सहानवस्थानरूपविरोधाभ्युपगमात्। ततः प्रतियोगि-विशेषादभावः सविशेषः कार्यत्वादिधर्मवानिति विभ्रममात्रमित्यर्थः। एवं प्रध्वंसदृष्टान्तेन शङ्कितं नित्यत्वं परिहृत्य प्रकारान्तरेणाऽऽशङ्क्य निषेधति — विद्याकर्मेत्यादिना। विद्याकर्मणोः कर्ता नित्य इति साधनसांतत्यात्साध्यसांतत्यं न वाच्यम्। कर्तृत्वस्यानुपरमेऽनिर्मोक्षप्रसङ्गादुपरमे च साधनसांतत्याभा-वान्मोक्षस्य विच्छित्तिः स्यादित्यर्थः। यस्मान्निःश्रेयसं [५]ब्रह्मज्ञानं विना दुष्प्रापं तस्मादित्युपसंहारः।

जिस प्रकार भाव वस्तुतः भिन्न होता हुआ भी घट-पटादि विशेषणों के कारण भिन्न की भाँति घटभाव पटभाव आदिरूप से विशेषित किया जाता है, इसी प्रकार अभाव निर्विशेष होता हुआ भी क्रिया और गुण के सम्बन्ध से द्रव्यादि के समान विकल्पित होता रहता है। कमल आदि पदार्थों के अभाव विशेषण के साथ रहने वाला नहीं है और विशेषण युक्त मानने पर तो वह भाव ही हो जायगा अभाव नहीं रहेगा। **पूर्वपक्ष :-** विद्या और कर्म का कर्ता नित्य होने के कारण विद्या और कर्म के सतत प्रवाह जनित मोक्ष को नित्य ही होना चाहिए। यदि ऐसा माना जाय तो? **सिद्धान्तीः-** नहीं, गंगा प्रवाह की भाँति कर्तृत्व तो दुःखरूप ही है और कर्तृत्व से मोक्ष मानने पर कर्तृत्व के निवृत्त होते ही मोक्ष का विच्छेद हो जायगा। ब्रह्मज्ञान के विना मोक्ष असम्भव होने के कारण अविद्या काम कर्म के उपादान कारण की निवृत्ति करके अपनी आत्मा में स्थित रहना मोक्ष है। आत्मा ही स्वयं ब्रह्म है आत्मविज्ञान से अविद्या की निवृत्ति हो जाती है, यही मोक्ष है। अतः ब्रह्मविद्या के लिए अब उपनिषत् प्रारम्भ की जाती है।

---

१. द्रव्यादिवदित्येव युक्तम्। २. भावप्रत्ययस्येति—अत्र विधिप्रत्ययस्येति पाठान्तरम्। ३. भावः सत्ता। ४. संख्यागुण-योगादिति—एको द्वाविति संख्यात्मकगुणारोपाद्द्रव्यवदभावो विकल्प्यते व्यवह्रियत इति भावः। ५. ब्रह्मज्ञानं विनेति—एतेन समुच्चयवादिनो विध्येत्युपासनाऽभिप्रेतेति ध्वन्यते।

हरिॐ

शं नो मित्रः शं वरुणः। शं नो भवत्वर्यमा। शं न इन्द्रो बृहस्पतिः। शं नो विष्णुरुरुक्रमः। नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। ऋतं वदिष्यामि।

मित्र (प्राणवृत्ति और दिन का अभिमानी सूर्यदेव) हमारे लिए सुख रूप हो। (अपानवृत्ति और रात्रि का अभिमानीदेव) वरुण (हमारे लिए) सुखप्रद होवे। (नेत्र और सूर्य का अभिमानी) अर्यमा हमारे लिए सुखावह हो। बलाभिमानी इन्द्र तथा वाणी और बुद्धि का अभिमानी बृहस्पति हमारे लिए शान्तिवाहक हो और विस्तृत पाद वाला (पादाभिमानी) विष्णु देवता सुखदायक हो। (समस्त कर्मों का फल वायु के अधीन होने से) ब्रह्म रूप वायु को नमस्कार है। हे वायो! तुम्हें नमस्कार है। तुम्हीं प्रत्यक्ष ब्रह्मरूप हो अतः मैं तुम्हीं को प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूँगा। तुम्हीं को ऋत (शास्त्र

उपनिषदिति विद्योच्यते। तच्छीलिनां गर्भजन्मजरादिनिशातनात्तदवसादनाद्वा ब्रह्मणो वोपनिगमयितृत्वादुपनिषण्णं वाऽस्यां परं श्रेय इति। [१]तदर्थत्वाद्ग्रन्थोऽप्युपनिषत्।

शं सुखं प्राणवृत्तेरह्नश्चाभिमानी देवतात्मा मित्रो नोऽस्माकं भवतु। तथैवापानवृत्ते रात्रेश्चाभिमानी देवतात्मा वरुणः। चक्षुष्यादित्ये चाभिमान्यर्यमा। बल इन्द्रः। वाचि बुद्धौ च बृहस्पतिः। विष्णुरुरुक्रमो विस्तीर्णक्रमः पादयोरभिमानी। एवमध्यात्म-

---

ब्रह्मविद्यायामुपनिषच्छब्दप्रसिद्धिरपि विद्याया एव निःश्रेयससाधनत्वे प्रमाणमित्याह – उपनिषदिति। निशातनाच्छिथिलीकरणादित्यर्थः। अस्यां विद्यायां निमित्तभूतायां परं श्रेयो ब्रह्म, जीवस्योपनिषण्णमा[२]त्मतयोपस्थितं भवतीत्यर्थः।

एवमुपनिषदो व्याख्यारम्भं संभाव्य प्रतिपदं व्याख्यामारभते – शं सुखमित्यादिना। शं नो भवत्विति। सुखकृद्भवत्वित्यर्थः। अध्यात्मप्राणकरणाभिमानिनीनां देवतानां सुखकृत्त्वं किमिति

(ब्रह्मविद्या) सेवन करने वाले पुरुषों के गर्भ जन्म और जरा आदि का उच्छेद करने अथवा उनका नाश करने के कारण ब्रह्मविद्या ही उपनिषत् शब्द से कही जाती है अथवा ब्रह्म के समीप पहुँचाने वाली होने से या उपनिषत् में परम श्रेय ब्रह्म उपस्थित है, इसीलिए भी ब्रह्मविद्या उपनिषत् कही गयी है। ऐसी विद्या का सम्पादक होने के कारण ग्रन्थ भी उपनिषत् शब्द से कहा गया है।

शिक्षावल्ली का शान्तिपाठ

प्राणवृत्ति और दिन का अभिमानी मित्र देवता हमारे लिये सुख रूप हों वैसे ही अपानवृत्ति और रात्रि का अभिमानी देवता वरुण, नेत्र और सूर्य का अभिमानी अर्यमा, बल में अभिमान करने वाला इन्द्र, वाणी और बुद्धि का अभिमानी बृहस्पति तथा विस्तीर्णपाद विक्षेप वाला पादाभिमानी देवता विष्णु इत्यादि सभी अध्यात्म देवता हमारे लिये सुखप्रद होवें। "भवतु" इस क्रिया का सम्बन्ध

---

१. नन्वेवं ब्रह्मविद्यार्थोपनिषदारभ्यत इति व्याहतं स्वस्य स्वप्रयोजनकत्वासंभवादित्याशङ्क्याऽऽह–तदर्थत्वाद्ग्रन्थोऽप्युपनिषदिति। २. स्वात्मतयेति पाठः।

सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु माम्। अवतु वक्तारम्। ॐ शान्तिः शान्तिःशान्तिः।।

सत्यं वदिष्यामि पञ्च च।।

इति कृष्णयजुर्वेदीयतैत्तिरीयोपनिषदि शीक्षाध्याये प्रथमोऽनुवाकः।।१।।

एवं स्वकर्तव्यानुसार निश्चित अर्थरूप) कहूँगा और सत्य (शरीर-वाणी से सम्पादन किये जाने वाला कार्य रूप सत्य भी मैं तुम्हीं को) कहूँगा। अतः आप (मुझ विद्यार्थी को विद्या प्रदान कर), मेरी रक्षा करो। (वक्तृत्व-सामर्थ्य प्रदान कर) ब्रह्म के निरूपण करने वाले आचार्य की भी रक्षा करो, मेरी रक्षा करो एवं वक्ता की रक्षा करो। त्रिविध ताप की शान्ति हो।

।। इति प्रथमोऽनुवाकः।।

देवताः। शं नो भवत्विति सर्वत्रानुषङ्गः। तासु हि सुखकृत्सु विद्याश्रवणधारणोपयोगा अप्रतिबन्धेन भविष्यन्तीति तत्सुखकर्तृत्वं प्रार्थ्यते—शं नो भवत्विति।

ब्रह्मविविदिषुणा नमस्कारवन्दनक्रिये वायुविषये ब्रह्मविद्योपसर्गशान्त्यर्थं क्रियेते सर्वक्रियाफलानां तदधीनत्वाद्। ब्रह्म वायुस्तस्मै ब्रह्मणे नमः। प्रह्वीभावं करोमीति वाक्यशेषः। नमस्ते तुभ्यं हे वायो। नमस्करोमीति परोक्षप्रत्यक्षाभ्यां वायुरेवाभिधीयते। किंच त्वमेव चक्षुराद्यपेक्ष्य बाह्यं संनिकृष्टमव्यवहितं प्रत्यक्षं ब्रह्मासि यस्मात्तस्मात्त्वामेव

प्रार्थ्यते तत्राऽऽह — तासु हीति। श्रवणं गुरुपादोपसर्पणपूर्वकं वेदान्तानां तात्पर्यावधारणम्। धारणं [1]श्रुतस्याप्यविस्मरणम्। उपयोगः शिष्येभ्यो निवेदनम्।

अन्यद्ब्रह्म वायुश्चान्य इति नाऽऽशङ्कनीयमित्याह — परोक्षेति। ब्रह्मण इति पारोक्ष्येण स ब्रह्म त्यदित्याचक्षत इति श्रुतेः। वायुशब्देन च प्रत्यक्षतया निर्देशः। प्राणस्य प्रत्यक्षत्वादित्यर्थः। यद्यपि सूत्रात्मरूपेण वायुः परोक्षस्तथाऽप्याध्यात्मिकप्राणरूपेण ब्रह्मशब्दवाच्यत्वेऽप्यपरोक्षत्वमित्याह — किंचेति। बाह्यं चक्षुरादि रूपदर्शनाद्यनुमेयत्वाद्व्यवहितम्। प्राणस्त्व[2]व्यवधानेन साक्षिवेद्यः [3]संनिहितश्च भोक्तुरिति चक्षुराद्यपेक्षया प्रत्यक्ष इत्यर्थः। बृंहणाद्ब्रह्म। प्राणकृतेन [4]श्वसनादिना शरीरादेर्बृंहणं प्रसिद्धमित्यर्थः। यथा राज्ञो दौवारिकं कश्चिद्राजदिदृक्षुराह त्वमेव राजेति तथा हार्दस्य ब्रह्मणो द्वारपं प्राणं हार्दं ब्रह्म दिदृक्षुर्मुमुक्षुराह — त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामीति। ब्रह्मवदनक्रिया

सभी वाक्यों के साथ है। उनके सुखप्रद होने पर ही ज्ञान के साधन श्रवण, धारण और उपयोग निर्विघ्नता से हो सकेंगे। इसीलिये 'शन्नो भवतु' इत्यादि मन्त्र द्वारा उनकी सुखदायकता की प्रार्थना की जाती है।

तत्रासदेव ब्रह्मेत्याशङ्क्यते। कस्मात्। यदस्ति तद्विशेषतो गृह्यते यथा घटादि। यन्नास्ति तन्नोपलभ्यते यथा शशविषाणादि। तथा नोपलभ्यते ब्रह्म। तस्माद्विशेषतोऽग्रहणान्नास्तीति। तन्न। आकाशादिकारणत्वाद्ब्रह्मणः। न नास्ति ब्रह्म कस्मादा-

---

मसामर्थ्यादित्यर्थः। सत्त्वं चेदुपपन्नं ब्रह्मणस्तावतैव सत्यत्वं सिध्यति सतो बाधासंभवादित्यर्थः। एवमर्थतेति। सत्त्वोपपादने सत्यवस्तुविषयतेत्यर्थः।

ब्रह्मणः सत्त्वसाधनं नामासत्त्वव्यावृत्तिरेवेत्यभिप्रेत्यासत्त्वशङ्कामुद्भावयति – तत्रासदेवेति।

के अस्तित्व और नास्तित्व के सम्बन्ध में पहला प्रश्न हुआ) दूसरा प्रश्न यह है कि निर्विशेष ब्रह्म का किसी के साथ पक्षपात नहीं है। अतः अविद्वान् ब्रह्म को प्राप्त करता है या नहीं करता तीसरा प्रश्न यह है कि सब के लिये समान होने पर भी यदि अविद्वान् को वह ब्रह्म प्राप्त नहीं होता तो वैसे ही विद्वान् को प्राप्त नहीं होता। ऐसी आशंका करके क्या विद्वान् उसे प्राप्त करता है या नहीं करता, ऐसा तीसरा प्रश्न है। ये सब प्रश्न आचार्य उपदेश श्रवण करने के बाद श्रोता शिष्य के मन में उठते हैं (इसीलिये इन्हें अनुप्रश्न कहा गया है) इन्हीं प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आगे का ग्रन्थ प्रारम्भ किया जाता है। उनमें से पहले ब्रह्म के अस्तित्व के सम्बन्ध में ही कहा जाता है क्योंकि जो पूर्व में 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इस वाक्य से कहा गया है। वह सत्यत्व उसमें कैसे माना जाय, उसे कहना पड़ेगा। उसी का उत्तर देते हैं—सत्त्व के कथन से ही उसमें सत्यत्व कहा गया है क्योंकि "सदेव सत्यम्" ऐसा अन्यत्र भी कहा गया है। अतः सत्त्व कथन से उस ब्रह्म में सत्यत्व बतलाया जाता है। इस ग्रन्थ का ऐसा अर्थ आपने कैसे समझा? आगे के उत्तर वाक्य इसी अर्थ से सम्बन्धित होने के कारण शब्द के अनुगम के आधार पर ऐसा अर्थ लगाया गया है। वे आगे के वाक्य हैं—"वह सत्य है, ऐसा ब्रह्मवित् पुरुष कहते हैं" "यदि वह अपरिच्छिन्न आकाश के समान आनन्द न होता, तो भला प्राण एवं अपान जैसे सहज क्रिया भी कौन करता" इत्यादि।

शङ्का— वहाँ पर ब्रह्म असत् ही है, ऐसी आशंका होती है, कैसे? क्योंकि जो वस्तु है, वह विशेषरूप से गृहीत होती है यथा घट-पट आदि और जो नहीं है, वह उपलब्ध नहीं होती जैसे खरगोश सींग; ठीक वैसे ही विशेष रूप से ब्रह्म उपलब्ध नहीं होता। अतः विशेषरूप से ग्रहण न होने के कारण ब्रह्म नहीं है। **समाधानः**— ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि आकाशादि समस्त प्रपंच का कारण होने

---

१. इतिशब्दोऽयं काकाक्षिगोलकन्यायेनोभयान्वयी। २. उच्यते—सोऽकामयतेत्यादावित्यर्थः। ३. इदं सोऽकामयतेत्यादिकम्।

काशादि हि सर्वं कार्यं ब्रह्मणो जातं गृह्यते। यस्माच्च जायते किंचित्तदस्तीति दृष्टं लोके यथा घटाङ्कुरादिकारणं मृद्बीजादि। तस्मादाकाशादिकारणत्वादस्ति ब्रह्म। न चासतो जातं किंचिद्गृह्यते लोके कार्यम्। असतश्चेन्नामरूपादिकार्यं निरात्मकत्वान्नोपलभ्येत। उपलभ्यते तु, तस्मादस्ति ब्रह्म। असतश्चेत्कार्यं गृह्यमाणमप्यसदन्वितमेव तत्स्यात्। न चैवं, तस्मादस्ति ब्रह्म।

तत्र कथ[१]मसतः सज्जायेतेति श्रुत्यन्तरमसतः सज्जन्मासंभवमन्वाचष्टे न्यायतः। तस्मात्सदेव ब्रह्मेति युक्तम्। तद्यदि मृद्बीजादिवत्कारणं स्यादचेतनं [२]तर्हि, न, कामयितृत्वात्। न हि कामयित्रचेतनमस्ति लोके। सर्वज्ञं हि ब्रह्मेत्यवोचाम। अतः

विप्रतिपन्नमाकाशादि सत्पूर्वकं कार्यत्वाद्घटवदिति लौकिकव्याप्त्यावष्टम्भेन सत्कारणं तावत्सिद्धम्। तस्य च देशादिकारणत्वेन देशाद्यनवच्छिन्नत्वाद्ब्रह्मपदवाच्यत्वं सिद्धम्। तस्य विशेषतोऽनुपलम्भेनासच्छङ्का जायते [३]सा कारणत्वेन व्यावर्त्यते न तु कारणत्वात्सत्त्वं साध्यत आश्रयासिद्धिप्रसङ्गादिति भावः। इतोऽपि जगदुपादाने नासत्त्वाशङ्का कार्येत्याह— न चासत इति।

न्यायत इति। असदन्वयादर्शनादिति युक्तित इत्यर्थः। एवमसत्त्वाशङ्कां निरस्याचेतनत्वाशङ्कां प्रधानवादिनः प्रसङ्गान्निराचष्टे — तद्यदीति। यद्यपि सांख्यमते चेतनस्य निर्विकारत्वात्कामयितृत्वमसिद्धं तथाऽपि लौकिकव्याप्तिबलेन कामयितृत्वादचेतनत्वशङ्का निवर्त्यत इत्याह— न हीति। तर्हि

से ब्रह्म की सत्ता का अभाव मानना उचित नहीं है। क्यों? क्योंकि आकाशादि सम्पूर्ण कार्य ब्रह्म से उत्पन्न हुआ जाना जाता है। जिससे कुछ उत्पन्न होता है, ऐसे घटादि का कारण मृत्तिका और अंकुरादि का कारण बीजादि लोक में सत्य देखे गये हैं। अतः आकाशादि समस्त प्रपंच का कारण होने से ब्रह्म का अस्तित्व मानना ही चाहिये। लोक में कोई भी कार्य असत् से उत्पन्न होता हुआ नहीं देखा जाता। यदि नाम रूपादि कार्य से असत् उत्पन्न हुए हों तो निस्तत्त्व होने के कारण उनकी उपलब्धि नहीं होनी चाहिये (वैसी स्थिति में नाम, रूप और अन्य प्रपंच नहीं हैं, ऐसा भान एवं वाग् व्यवहार होना चाहिये) किन्तु इसके विपरीत घट है, पट है, इस प्रकार उपलब्ध होता है। अतः जगत् कारण ब्रह्म है, ऐसा मानना ही युक्तिसङ्गत है। कदाचित् असत् से उत्पन्न हुआ कार्य उपलब्ध हो तो भी 'नास्ति घटः' इस प्रकार असत् से अन्वित ही घटादि कार्य प्रतीत होना चाहिये था, पर ऐसा प्रतीत होता नहीं। अतः जगत् कारण ब्रह्म है।

इसके अतिरिक्त इस सम्बन्ध में **"कथमसतः सज्जायेत"** यह दूसरी श्रुति युक्तिपूर्वक असत् से सत् का होना असम्भव बतलाती है। अतः ब्रह्म सत्य ही है, यह पक्ष युक्ति-युक्त है। यदि मृत्तिका और बीज के समान ब्रह्म जगत् का उपादान कारण है तब तो वह ब्रह्म भी मृदादिवत् अचेतन ही होगा। ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि जगत् कारण ब्रह्म में कामयितृत्व सुना गया है। लोक में अचेतन वस्तु कामना वाली नहीं देखी जाती है। ब्रह्म सर्वज्ञ है, ऐसा हम पहले कह आये हैं। अतः चेतन सर्वज्ञ

---

१. छा०उ० ६-२-२। २. तर्हि कथं त्वदभिमतं ब्रह्म सिध्येदिति भावः। ३. सा कारणत्वेनेति—तथा च विशेषतोऽनुपलम्भान्नास्तीत्यत्राप्रयोजकत्वख्यापनार्थैव कारणत्वोक्तिरिति भावः।

कामयितृत्वोपपत्तिः। कामयितृत्वादस्मदादिवदनाप्तकामं चेत्, न, [1]स्वातन्त्र्यात्, यथाऽन्यान्परवशीकृत्य कामादिदोषाः प्रवर्तयन्ति न तथा ब्रह्मणः प्रवर्तकाः कामाः। कथं तर्हि, सत्यज्ञानलक्षणाः स्वात्मभूतत्वाद्विशुद्धा न तैर्ब्रह्म प्रवर्त्यते। तेषां तु तत्प्रवर्तकं ब्रह्म प्राणिकर्मापेक्षया। तस्मात्स्वातन्त्र्यं कामेषु ब्रह्मणः। अतो नानाप्तकामं ब्रह्म साधनान्तरानपेक्षत्वाच्च।

[2]किंच यथाऽन्येषामनात्मभूता धर्मादिनिमित्तापेक्षाः कामाः स्वात्मव्यतिरिक्त-कार्यकारणसाधनान्तरापेक्षाश्च न तथा ब्रह्मणो निमित्ताद्यपेक्षत्वं किं तर्हि स्वात्मनोऽनन्या-स्तदेतदाह—

लौकिकव्याप्तिबलेनैवानाप्तकामत्वमपि प्राप्तमित्याशङ्क्याऽऽह — कामयितृत्वादित्यादिना। जीवाना-मनाप्तानन्दत्वं [3]परवशत्वान्न तदस्ति ब्रह्मण इत्यर्थः। कथंभूतास्तर्हि ब्रह्मणः कामा इत्याशङ्कायामाह — सत्यज्ञानलक्षणा इति। सत्यज्ञान (नं) लक्षणं स्वरूपं येषां तेषां ते तथोक्ताः। एतदुक्तं भवति, मायाप्रतिबिम्बितं हि ब्रह्म जगतः कारणं मायापरिणामैरेव कामैः कामयितृ। तेषां च परिणामानामविद्याद्यनभिभूतचिद्व्याप्तत्वात्सत्यज्ञानात्मकत्वं ब्रह्म तादात्म्याच्चा[4]धर्माद्यननुस्पृष्टत्वेन शुद्धत्वम्। ततो [5]जीवकामवैलक्षण्यं सिद्धमिति। तर्हि ब्रह्मणः कामाः पुण्यकारिणामप्यनिष्टफल-प्राप्त्यनुकूलाः स्युः स्वातन्त्र्यादित्याशङ्क्याऽऽह — तेषां त्विति। कामस्य शरीरादिसंबन्धजन्यत्वप्रसिद्धेर्ब्रह्मणः शरीरादिमत्त्वप्रसङ्ग इति नाऽऽशङ्कनीयमित्याह — साधनान्तरानपेक्षत्वाच्चेति। [6]कामसंस्कारवत्या मायाया ब्रह्मतादात्म्यात्तत्परिणामानां कामानां ब्रह्मतादात्म्यान्न शरीरादिनिमित्तापेक्षाऽस्तीत्यर्थः।

ब्रह्म में कामयितृत्व सिद्ध हो जाता है। यदि कहो कि ब्रह्म कामना करता है, तब तो हम लोगों के समान ही वह भी अनाप्तकाम होगा। तो ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि ब्रह्म स्वतन्त्र है, कामनादि के अधीन नहीं है। जैसे दूसरों को अपने अधीन करके कामादि दोष तदनुरूप कार्य में प्रवृत्त करते हैं, उस प्रकार काम ब्रह्म के प्रवर्तक नहीं। तो फिर कैसे हैं? सत्य ज्ञानादिरूप अपने स्वरूपभूत होने के कारण वे कामादि विशुद्ध हैं। उन कामादिकों से परवश हुआ ब्रह्म प्रवृत्त नहीं होता; किन्तु जीव के कर्मों की अपेक्षा से उन कामनाओं का वह ब्रह्म प्रवर्तक ही रहता है। अतः इच्छादि के होने पर भी ब्रह्म की स्वतन्त्रता है ही। इसलिये ब्रह्म अनाप्त काम नहीं है। इसके अतिरिक्त ब्रह्म को साधनान्तर की अपेक्षा भी नहीं होती।

जैसे दूसरों को अनात्म रूप धर्मादि निमित्त से होने वाली कामनायें और उन कामनाओं की पूर्ति के लिये अपने से भिन्न कार्य कारणादि साधनों की अपेक्षा होती है, वैसा ब्रह्म को किसी निमित्त की अपेक्षा नहीं है; क्योंकि (वे सभी निमित्त एवं कार्य-करण साधनादि ब्रह्म में कल्पित होने के

---

१. स्वातन्त्र्यादिति–पारतन्त्र्यस्योपाधित्वादिति भावः। २. सूत्रं व्याचक्षाणो वाक्यमवतारयति—किंचेत्यादिना। ३. परवशादित्यप्रयोजकत्वं च हेतोरिति भावः। ४. अधर्माद्यस्पृष्टत्वेनेति पाठः। ५. जीवेत्यादि— तथा च जीवकामानां हेतुत्वे स्वरूपासिद्धिः। ब्रह्मकामानां तथात्वे तु दृष्टान्ते साधनवैकल्यं न च कामसामान्यमेव तथा विशेषमनादाय सामान्यापर्यवसानादिति भावः। वस्तुतस्तु मलिनकामवत्त्वस्योपाधित्व एव तात्पर्यम्। ६. कामेत्यादि—तथा च ब्रह्मकामा न शरीरादिसापेक्षा ब्रह्मतादात्म्याद्व्यतिरेकेण जीवकामवदिति भावः।

सोऽकामयत स आत्मा यस्मादाकाशः संभूतोऽकामयत कामितवान्। कथं, बहु स्यां बहु प्रभूतं भवेयम्। कथमेकस्यार्थान्तराननुप्रवेशे बहुत्वं स्यादित्युच्यते। प्रजायेयोत्पद्येय। न हि पुत्रोत्पत्त्येवार्थान्तरविषयं बहुभवनं कथं तर्ह्यात्मस्थानभिव्यक्तनामरूपाभिव्यक्त्या। यदाऽऽत्मस्थे अनभिव्यक्ते नामरूपे व्याक्रियेते तदा नामरूपे आत्मस्वरूपापरित्यागेनैव ब्रह्मणाऽप्रविभक्तदेशकाले सर्वावस्थासु व्याक्रियेते तदा तन्नामरूपव्याकरणं ब्रह्मणो बहुभवनम्। नान्यथा निरवयवस्य ब्रह्मणो बहुत्वापत्तिरुपपद्यतेऽल्पत्वं वा। यथाऽऽकाशस्याल्पत्वं बहुत्वं च वस्त्वन्तरकृतमेव। अतस्तद्द्वारेणैवाऽऽत्मा बहु भवति। न ह्यात्मनोऽन्यदनात्मभूतं तत्प्रविभक्तदेशकालं सूक्ष्मं व्यवहितं विप्रकृष्टं भूतं भवद्भविष्यद्वा वस्तु विद्यते। अतो नामरूपे सर्वावस्थे ब्रह्मणेनाऽऽत्मवती,

---

तद्द्वारेणैवेति। नामरूपशक्त्यात्मकमायापरिणामद्वारेणैव। नामरूपशक्त्यात्मिका जडरूपा मायाऽङ्गीकृता चेत्तर्हि सा प्रधानवत्पृथक्सतीत्यद्वैतहानिरित्याशङ्क्याऽऽह — न हीति। आत्मातिरिक्तं किं स्वतः सिद्ध्यति परतो वा। नाऽऽद्यः। जाड्यहानेरतिरेकहानेश्च। न द्वितीयः प्रमासंसर्गानिरूपणात्। न च भिन्नदेशकालयोः संयोगादि संभवति विषयविषयिभावो वा। [1]नियामकगवेषणात्। न च स्वभाव एव संबन्धः। द्वयोः स्वभावयोः संबन्धत्वेनैवोपक्षये संबन्ध्यभावप्रसङ्गात्। न हि स्वात्मानं प्रति स्वस्यैव संबन्धित्वमात्माश्रयापातात्। [2]तथाविधार्थाभावे [3]व्यवहारमात्रप्रवर्तकत्वे च [4]मिथ्याव्यवहारापातादनिर्वचनीयवाद एव पर्यवस्यतीति भावः। यस्मादात्मातिरिक्तं वस्तु न संभाव्यते तस्मादात्मतादात्म्येनैव नामरूपयोः सिद्धिरित्याह — अत इति। तर्हि ब्रह्मणः सप्रपञ्चताप्रसङ्ग इति न वाच्यमित्याह — न ब्रह्मेति। न ब्रह्म तदात्मकमजडत्वात्तत्परिहारेणापि सिद्धिसंभवादित्यर्थः। कथं तर्हि

कारण) उसके स्वरूप से अभिन्न हैं। इसी को श्रुति कहती है।

"उसने कामना की" जिससे आकाश उत्पन्न हुआ है, उस आत्मा ने कामना की, कैसे? मैं बहुरूप अर्थात् अनेक रूप हो जाऊँ। अर्थान्तर में प्रवेश के विना एक का अनेक रूप होना किस प्रकार सम्भव है? इस पर कहते हैं—प्रजारूप में उत्पन्न होऊँ। जैसे पुत्र की उत्पत्ति के बाद पिता में बहुत्व आया है, वैसे यहाँ पर अर्थान्तररूप से ब्रह्म बहुत्व को प्राप्त नहीं किया है, तो फिर कैसे किया? जैसे अपने में स्थित अनभिव्यक्त नाम-रूप को अभिव्यक्त कर डाले। ठीक वैसे ही अपने स्वरूप में स्थित अनभिव्यक्त नाम-रूप् का व्याकरण ब्रह्म जब करता है, तब वह अपने स्वरूप का परित्याग किये विना ही और अपने से अभिन्न देश-काल वाले नाम-रूप का व्याकरण सभी अवस्थाओं में करता है। बस यह नाम रूप का व्याकरण ही ब्रह्म का अनेक रूप से बनना है, अन्य किसी रूप से नहीं क्योंकि निरवयव ब्रह्म का बहुत्व अथवा अल्पत्व किसी अन्य प्रकार से सम्भव नहीं। जैसे व्यापक और एक आकाश का अल्पत्व एवं बहुत्व वस्त्वन्तर घटादिरूप उपाधि के कारण से हीं है। अतः नाम-रूप उपाधि के कारण ही आत्मा बहुत्व को प्राप्त होता है क्योंकि आत्मा

---

१. नियामकगवेषणादिति—संयोगादेरेव विषयविषयिभावनियामकत्वादिति भावः। २. तथाविधेति—स्वतः परतो वा सेद्धुमसमर्थस्यात्मातिरिक्तस्यार्थस्यासत्त्व इत्यर्थः। ३. व्यवहारेति—तस्येत्यादिः। ४. मिथ्येति – अविद्यमानार्थव्यवहारे मिथ्यात्वस्य स्वप्नादिषु दर्शनादिति भावः।

न ब्रह्म तदात्मकम्। ते तत्प्रत्याख्याने न स्त एवेति तदात्मके उच्येते। ताभ्यां चोपाधिभ्यां ज्ञातृज्ञेयज्ञानशब्दार्थादिसर्वसंव्यवहारभाग्ब्रह्म। स आत्मैवंकामः संस्तपोऽतप्यत। तप इति ज्ञानमुच्यते। "यस्य ज्ञानमयं तपः" (मु.उ. १-१-९) इतिश्रुत्यन्तरादाप्तकामत्वाच्चेतरस्यासंभव एव तपसः। तत्तपोऽतप्यत तप्तवान्। सृज्यमानजगद्रचनादिविषयामालोचनामकरोदात्मेत्यर्थः। [1]स एवमालोच्य तपस्तप्त्वा प्राणिकर्मादिनिमित्तानुरूपमिदं सर्वं जगद्देशतः कालतो नाम्ना रूपेण च यथानुभवं सर्वैः प्राणिभिः सर्वावस्थैरनुभूयमानमसृजत सृष्टवान्।

यदिदं किंच यत्किंचेदमविशिष्टम्। तदिदं जगत्सृष्ट्वा किमकरोदित्युच्यते—तदेव सृष्टं जगदनुप्राविशदिति। तत्रैतच्चिन्त्यं कथमनुप्राविशदिति। किं यः स्रष्टा स

ते ब्रह्मात्मके तत्राऽऽह – ते तदिति। [2]स्वप्नावबुद्धनभोभक्षणवदारोपितस्यानुभवप्रत्याख्यानेन सिद्ध्यसंभवादनुभाव्ये नामरूपे अनुभवात्मकब्रह्मात्मके कथ्येते न त्वैक्याभिप्रायेणेत्यर्थः। न केवलं ब्रह्मणो बहुरूपत्वं मायोपाधिकं सर्वव्यवहारास्पदत्वं चेत्याह – ताभ्यामिति।

प्रवेशस्यानिर्वाच्यताद्योतनेन जीवस्य ब्रह्मात्मतायां प्रवेशवाक्यस्य तात्पर्यं दर्शयितुं विचारमारभते – तत्रैतच्चिन्त्यमित्यादिना। विमर्शे सति क्त्वाश्रुत्यनुरोधात्स्रष्टुरेव प्रवेश इत्युक्तं सिद्धान्तिना।

से भिन्न अनात्म वस्तु उससे भिन्न देश-काल वाली सूक्ष्म, व्यवहित, दूर, भूत, वर्तमान या भविष्यत् वाली वस्तु है ही नहीं। अतः सभी अवस्थाओं में नामरूप ब्रह्म से ही आत्मवान् हो रहे हैं। नामरूप ब्रह्मात्मक हैं न कि ब्रह्म नामरूपात्मक है, अर्थात् अध्यस्त वस्तु अधिष्ठान स्वरूप है न कि अधिष्ठान अध्यस्त स्वरूप है क्योंकि अधिष्ठान ब्रह्म के प्रत्याख्यान हो जाने पर वे नामरूप नहीं रह जाते। इसी लिये प्रतीति काल में ये नामरूप अपने अधिष्ठान से अभिन्न कहे जाते हैं। इन्हीं नामरूप उपाधियों के कारण ज्ञाता, ज्ञेय, ज्ञान, शब्द और अर्थादि सम्पूर्ण व्यवहार वाला ब्रह्म कहा जाता है। ऐसी कामना वाला होकर उस आत्मा ने तप किया। 'तप' इस शब्द का ज्ञान अर्थ लिखा गया है क्योंकि जिसका ज्ञानमय तप है. ऐसी दूसरी श्रुति भी देखी जाती है। आप्तकाम परमात्मा में दूसरे प्रकार का तप होना असम्भव है। अतः ज्ञानरूप तप उसने किया; अर्थात् सृज्यमान जगत्-रचनादि के सम्बन्ध में उसने आलोचना की। इस प्रकार आलोचनारूप तप करके प्राणियों के निमित्त कर्मानुरूप इस जगत् को बनाया। सभी प्राणियों ने सभी अवस्थाओं में जिस देश में जिस काल में, जिस नामरूप में विभक्त जगत् का अनुभव किया था, तदनुरूप ही इस जगत् की रचना उस आत्मा ने की।

जो कुछ भी यहाँ सामान्यतः पदार्थ प्रतीत होते हैं; ऐसे उस जगत् की सृष्टि करके पुनः क्या किया? इसी का उत्तर आगे दिया जाता है कि उस जगत् की सृष्टि कर उसी जगत् में वह ब्रह्म अनुप्रविष्ट हो गया। **शङ्काः-** वहाँ पर यह विचारणीय हो जाता है कि ब्रह्म किस प्रकार जगत् में अनुप्रविष्ट हुआ? क्या जो स्रष्टा है, वह उसी रूप से प्रविष्ट हुआ या किसी अन्यरूप से? किसी भी रूप से प्रविष्ट

---

१. स एवमालोच्येत्यादि—न चालोचनापूर्वककृतत्वेन जगतो न मिथ्यात्वमिति शङ्क्यमिन्द्रजालादौ व्यभिचारात्। कृते च कापि सत्यत्वासंप्रतिपन्नत्वादित्यवधेयम् २. स्वप्नेति—स्वप्नावगतस्य नभोभक्षणस्य स्वाप्नानुभवमन्तरेण यथा सिद्धिर्न संभवति तद्वदित्यर्थः।

तेनैवाऽऽत्मनाऽनुप्राविशदुतान्येनेति, किं तावद्युक्तम्। क्त्वाप्रत्ययश्रवणाद्यः स्रष्टा स एवानुप्राविशदिति।

ननु न युक्तं मृद्वच्चेत्कारणं ब्रह्म तदात्मकत्वात्कार्यस्य। कारणमेव हि कार्यात्मना परिणतमित्यतोऽप्रविष्ट इव कार्योत्पत्तेरूर्ध्वं [1]पृथक्कारणस्य पुनः प्रवेशोऽनुपपन्नः। न हि घटपरिणामव्यतिरेकेण मृदो घटे प्रवेशोऽस्ति। यथा घटे चूर्णात्मना मृदोऽनुप्रवेश एवमन्येनाऽऽत्मना नामरूपकार्येऽनुप्रवेश आत्मन इति चेच्छ्रुत्यन्तराच्च "अनेन जीवेनाऽऽत्मनाऽनुप्रविश्य"(छा.उ. ६-३-२) इति। नैवं युक्तमेकत्वाद्ब्रह्मणः मृदात्मनस्त्वनेकत्वात्सावयवत्वाच्च युक्तो घटे मृदश्चूर्णात्मनाऽनुप्रवेशः। [2]मृदश्चूर्णस्याप्रविष्टदेशवत्त्वाच्च। न त्वात्मन [3]एकत्वे

पूर्ववाद्याह – ननु न युक्तमिति। **सृष्टिप्रवेशक्रिययोः पूर्वापरकालीनत्वसंभवे सति कर्त्रैक्यं क्त्वाश्रुत्या बोध्येत न तु प्रवेशस्योत्तरकालता संभवति। सृष्टिसमय एवोपादानस्य** [4]कार्यात्मनाऽवस्थित्वादित्यर्थः। एतदेव विवृणोति – कारणमेव हीति। **अप्रविष्टे यथा मठादौ देवदत्तस्य प्रवेशो दृष्टस्तथा कार्योत्पत्तेरूर्ध्वं पृथक्प्रवेशो न संभवतीत्यर्थः।** [5]सिद्धान्त्येकदेशिनां मतमुद्भाव्य पूर्ववादी दूषयति – यथा घट इत्यादिना। **स्रष्टुरन्यस्य वा प्रवेशो न संभवतीति चेत्कथं तर्हि प्रवेशो वाच्य इति सिद्धान्त्येक-**

हो, इसमें युक्ति-युक्त क्या है, बस! यही विचारणीय है। **"तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्"** इस वाक्य में क्त्वा प्रत्यय सुना जाता है। इससे जो स्रष्टा है, वही अनुप्रविष्टा हुआ, यह सिद्ध होता है क्योंकि **"समानकर्तृकयोः पूर्वकाले"** इस पाणिनीय स्मृति से स्रष्टा और अनुप्रविष्टा में एकत्व सिद्ध होता है। **मध्यस्थ :–** यदि मृत्तिका के समान ब्रह्म जगत् का उपादान कारण है, तो पूर्वोक्त मान्यता उचित नहीं क्योंकि घटादि कार्य जब मृदादि कारणरूप ही है, तो फिर घट बनाने के बाद मृत्तिका घट में प्रविष्ट हुई ऐसा मानना उचित नहीं, मृदादि कारण ही घटादि कार्यरूप से परिणत होता है। अतः कार्य उत्पत्ति के बाद पृथक् अप्रविष्ट कारण को जैसे कार्य में प्रविष्ट होना कहा जाता है, वैसा प्रवेश इस स्थल पर मानना उचित नहीं है। मृत्तिका घटादिरूप से परिणत हो गयी, इससे भिन्न घट में मृत्तिका का प्रवेश सिद्ध नहीं होता। **पूर्वपक्षः-** जैसे घट में चूर्णादिरूप से मृत्तिका का अनुप्रवेश होता है, ठीक वैसे ही आत्मा का इस आत्मरूप से नामरूपात्मक कार्य में अनुप्रवेश होता है क्योंकि **'अनेन जीवात्मनानुप्रविश्य'** ऐसी दूसरी श्रुति से भी सिद्ध होता है। यदि ऐसा माने तो? **मध्यस्थः–** ब्रह्म एक है न कि नाना इसलिये ऐसा मानना भी ठीक नहीं। मृत्तिका अनेक और सावयव है। इसलिये कुछ मृत्तिका घटरूप में परिणत हो गयी और कुछ चूर्णादिरूप से पृथक् स्थित है। अतः घटादि मृत्तिका के कार्य में

---

१. पृथक्प्रवेश इत्यन्वयः। २. मृदश्चूर्णस्येति–मृदो देशस्य चूर्णेनाप्रविष्टस्यापि सत्त्वादित्यर्थः। द्वेधा हि प्रवेशः संयोगेन तादात्म्येन च। तथा च चूर्णात्मको मृत्प्रदेशस्तादात्म्येन चूर्णप्रविष्टोऽपि घटात्मकस्तु स संयोगेनास्ति तदप्रविष्ट इति। ३. एकत्वे सतीति–एकत्वादेव न रूपान्तरेण रूपान्तरे प्रवेश उपपद्यत इत्यर्थः। ४. कार्यात्मनाऽवस्थितत्वादिति–तदेव च प्रवेश इति भावः। ५. सिद्धान्त्येकदेशिनामिति–जडचेतनोभयाकारेण ब्रह्मपरिणामवादिनामित्यर्थः।

सति [१]निरवयवत्वादप्रविष्टदेशाभावाच्च प्रवेश उपपद्यते कथं तर्हि प्रवेशः स्यात्। युक्तश्च प्रवेशः श्रुतत्वात्तदेवानुप्राविशदिति। [२]सावयवमेवास्तु तर्हि सावयवत्वान्मुखे हस्तप्रवेशवन्नामरूपकार्ये जीवात्मनाऽनुप्रवेशो युक्त एवेति चेन्नाशून्यत्वात्। न हि कार्यात्मना परिणतस्य नामरूपकार्यदेशव्यतिरेकेणाऽऽत्मशून्यः प्रदेशोऽस्ति यं प्रविशे[३]ज्जीवात्मना। [४]कारणमेव चेत्प्रविशे[५]ज्जीवात्मत्वं जह्याद्यथा घटो मृत्प्रवेशे घटत्वं जहाति। तदेवानुप्राविशदिति च श्रुतेर्न [६]कारणानुप्रवेशो युक्तः।

कार्यान्तरमेव [७]स्यादिति चेत्। [८]तदेवानुप्राविशदिति जीवात्मरूपं कार्यं नामरूप-

---

देश्याह — कथमिति। नास्त्येवेति न वक्तव्यमित्याह — युक्तश्चेति। स एवाऽऽह गतिं — सावयवमेवेति। पूर्ववादी दूषयति — नाशून्यत्वादिति। कार्यात्मना परिणतस्य ब्रह्मणो नामरूपात्मकं कार्यमेव देशस्तद्व्यतिरेकेण [९]न ह्यन्यः प्रदेशोऽस्ति। यत्कारणमेव कार्याकारेण परिणतं [१०]तत्प्रति कार्यविशेषो जीवात्मा प्रवेक्ष्यतीति न शङ्कनीयमित्याह — कारणमेव चेदिति। कार्यविशेषस्य [११]प्रवेशमङ्गीकृत्य दूषणमुक्तं स न संभवति श्रुतिविरोधादित्याह — तदेवेति।

कारणपरामर्शकेन [१२]तच्छब्देन कार्यमुपलक्ष्य कार्यान्तरस्य तत्र प्रवेशो विधीयतेऽप्राप्तदेशसंभवात्। अतो न श्रुतिविरोध इति सिद्धान्तैकदेशिमतमुद्भाव्य दूषयति — कार्यान्तरमेवेत्यादिना।

चूर्णादिरूप से पुनः घट में प्रवेश सम्भव है क्योंकि चूर्णरूप मृत्तिका का घटरूप मृत्तिका से भिन्न देश है। अतः अप्रविष्ट देश वाला उस मृत्तिका चूर्ण का घटादि कार्य में प्रवेश हो सकता है; किन्तु आत्मा एक निरवयव है, व्यापक होने से अप्रविष्ट देश वाला नहीं है। अतः उसका प्रवेश कहना उचित नहीं। **पूर्वपक्षः—** तो फिर कैसा प्रवेश माना जाय क्योंकि **'तदेवानुप्राविशत्'** ऐसा श्रवण होने से प्रवेश मानना तो उचित ही है। **मध्यस्थः—** तब तो सावयव होने के कारण जैसे मुख में हाथ का प्रवेश होता है, वैसे ही नामरूपात्मक कार्य में जीवात्मारूप से ब्रह्म का अनुप्रवेश उचित ही है। ऐसा कहना ठीक नहीं। क्योंकि कार्यरूप से परिणत ब्रह्म का नामरूप कार्य के देश से भिन्न आत्मशून्य प्रदेश है ही नहीं, जिसमें जीवरूप से यह प्रवेश कर सके। यदि कारण में ही कर गया तो जीवात्मत्व नहीं रहेगा। जैसे मृत्तिका में प्रवेश होने पर घट घटत्व को खो बैठता है; ऐसे ही यदि कारण ही प्रवेश कर गया तो उसका जीवात्मत्व ही समाप्त हो जायगा और **"तदेवानुप्राविशत्"** इस श्रुति से कारणानुप्रवेश मानना युक्त नहीं है।

पूर्वपक्षः- तब तो **"तदेवानुप्राविशत्"** इस वाक्य से कार्यान्तर में ही प्रवेश मानना चाहिये।

---

१. निरवयवत्वादिति-निरवयवस्य हि देश एव नास्ति। अप्रविष्टत्वं तु तस्य दूरनिरस्तमिति भावः। २.सावयवमेवास्तु कारणं ब्रह्मेति शेषः। ३. जीवात्मनेति—तस्यापि कार्यत्वेन प्रदेशान्तःपातित्वादिति भावः। ४. कारणमेव चेदिति—प्रवेशार्हकार्यप्रदेशाभावे कारण एवास्तु कार्यप्रवेश इति भावः। तथा च तदेवानुप्राविशदित्यत्र कारणपर एव तच्छब्दः। ५. जीवात्मत्वं जह्यादिति —कारणप्रवेशस्य लयात्मकत्वादिति भावः। ६. न कारणेति—श्रुतेः कार्यप्रवेशविषयत्वादिति भावः। ७. स्यादिति—प्रवेष्ट्रिति शेषः। ८. संगृहीतं विवृणोति—तदेवेत्यादिना। ९. न ह्यन्यः प्रदेशोऽस्तीति—न च योऽस्ति नामरूपस्तमेव प्रविशेदिति शङ्क्यं प्रवेष्टुरभावात्। स हि परिणत एवेति भावः। १०. तत्प्रतीति—यथोक्तकारणं प्रतीत्यर्थः। ११. प्रवेशमिति—कारण इति शेषः। १२. तच्छब्देनेति—तदेवानुप्राविशदित्यनेन तच्छब्देनेत्यर्थः।

परिणतं कार्यान्तरमेवा[१]ऽऽपद्यत इति चेन्न। विरोधात्। न हि घटो घटान्तरमापद्यते। [२]व्यतिरेकश्रुतिविरोधाच्च जीवस्य नामरूपकार्यव्यतिरेकानुवादिन्यः [३]श्रुतयो विरुध्येरन्। [४]तदापत्तौ मोक्षासंभवाच्च। न हि यतो मुच्यमानस्तदेवाऽऽपद्यते। न हि शृङ्खलापत्तिर्बद्धस्य तस्करादेः।

[५]बाह्यान्तरभेदेन परिणतमिति चेत्तदेव कारणं ब्रह्म शरीराद्याधारत्वेन तदन्तर्जीवात्मनाऽऽधेयत्वेन च परिणतमिति चेन्न, बहिष्ठस्य प्रवेशोपपत्तेः। न हि यो यस्यान्तःस्थः स एव तत्प्रविष्ट उच्यते। बहिष्ठस्यानुप्रवेशः स्यात्प्रवेशशब्दार्थस्यैवं दृष्टत्वात्। यथा गृहं कृत्वा प्राविशदिति। जलसूर्यकादिप्रतिबिम्बवत्प्रवेशः स्यादिति चेन्न। अपरिच्छिन्नत्वादमूर्तत्वाच्च। [६]परिच्छिन्नस्य [७]मूर्तस्या[८]न्यस्यान्यत्र प्रसादस्वभावके जलादौ सूर्य-

---

[१०]कारणवाचकेन तच्छब्देन कार्यलक्षणायाम[११]विवक्षितलक्षणा चेत्प्रसज्येत तर्हि कारणपर एव तच्छब्दोऽस्त्वित्याहान्यः सिद्धान्तैकदेशी — बाह्येति। **अस्मिन्पक्षे प्रवेशश्रुतेर्मुख्यार्थो न लभ्येतेत्याह** — न बहिष्ठेति। **[१२]अन्यस्य वेदान्तिनो मतमुद्भाव्य दूषयति** — जल इत्यादिना।

जीवात्मरूप भी कार्य है, वह नामरूप से परिणत कार्यान्तर को ही प्राप्त करता है; ऐसा यदि कहें तो ठीक नहीं क्योंकि विरोध है। घट दूसरे घट को प्राप्त नहीं करता और व्यतिरेक श्रुति के साथ विरोध भी आता है; अर्थात् नामरूपात्मक कार्य से भिन्न जीवात्मा को बतलाने वाली श्रुतियाँ उपर्युक्त बात को मानने पर विरुद्ध होने लग जाएँगे। साथ ही नामरूप कार्य को प्राप्त हो जाने पर जीवात्मा को मोक्ष मिलना असम्भव हो जायेगा क्योंकि जिस नामरूप से छूटना है, उसी को प्राप्त करना कहा जाय तो यह ठीक नहीं होगा। बँधा हुआ चौर आदि शृंखला को प्राप्त नहीं होता।

यदि बाह्य और आभ्यन्तर भेद से परिणत हुआ माना जाय अर्थात् वही कारण ब्रह्म शरीरादि आधार रूप से और वही उसके भीतर जीवात्मारूप आधेयभाव से परिणत हो गया, ऐसा मानना भी ठीक नहीं है क्योंकि बाह्य स्थित का ही प्रवेश हुआ करता है। जो जिसके भीतर है, वही उसमें प्रविष्ट नहीं कहा जाता। बाहर में स्थित का ही अनुप्रवेश सम्भव है, ऐसा ही प्रवेश शब्द का अर्थ देखा जाता है। यथा घर बनाकर प्रवेश किया इत्यादि। यदि जलगत प्रतिबिम्बादि प्रवेश के समान नामरूप में जीवरूप से ब्रह्म का प्रवेश माना जाय तो, ऐसा मानना भी ठीक नहीं क्योंकि ब्रह्म अपरिच्छिन्न और अमूर्त है। परिच्छिन्न जल से भिन्न मूर्तिमान् सूर्य का ही अन्यत्र स्वच्छ स्वभाव जलादि में प्रति-

---

१. आपद्यते प्रविशतीत्यर्थः। २. ननु महान्तं घटमल्पो घटः प्रविशत्येवेत्याशङ्क्याऽऽह—व्यतिरेकश्रुतीत्यादि। ३. श्रुतयोऽनेन जीवेनात्मनेत्येवमादयः। ४. आपत्तिः प्रवेशस्तादात्म्यमेव संयोगादेरसंभवादित्याशयेनाह—तदापत्तावित्यादि। ५. बाह्यान्तरभेदेनेति—वृक्षो यथा फलबीजोभयात्मना परिणमते तद्वदित्यर्थः। ६. परिच्छिन्नस्य—अविभोः। ७. मूर्तस्य रूपादिमतः। ८. अन्यस्य सूर्यादेः ९. सूर्यकादिरूपप्रतिबिम्बस्योदय इति विग्रहः। १०. कारणवाचकेनेति—कारणस्य विवक्षितत्वं ध्वन्यते। ११. अविवक्षितलक्षणेति—न हि प्रवाहे विवक्षिते तीरलक्षणा न्याय्येति भावः। १२. अन्यस्येत्यमुख्यत्वं सूच्यते। तत्त्वं च तस्य बिम्बव्यतिरेकेण प्रतिबिम्बस्य सत्त्वाभ्युपगमान्निर्वहतीत्यूह्यम्।

कादिप्रतिबिम्बोदयः स्यान्नत्वात्मनः, अमूर्तत्वात्। आकाशादिकारणस्याऽऽत्मनो व्यापकत्वात्तद्विप्रकृष्टदेशप्रतिबिम्बाधारवस्त्वन्तराभावाच्च प्रतिबिम्बवत्प्रवेशो न युक्तः।

एवं तर्हि नैवास्ति प्रवेशो न च गत्यन्तरमुपलभामहे। "तदेवानुप्राविशत्" इति च श्रुतेः। श्रुतिश्च नोऽतीन्द्रियविषये विज्ञानोत्पत्तौ निमित्तम्। न चास्माद्वाक्याद्यत्नवतामपि विज्ञानमुत्पद्यते। हन्त तर्ह्यनर्थकत्वादपोह्यमेतद्वाक्यं "तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्" इति। न। अन्यार्थत्वात्। किमर्थ[1]मस्थाने चर्चा। प्रकृतो ह्यन्यो विवक्षितोऽस्य वाक्यस्यार्थोऽस्ति स स्मर्तव्यः। "ब्रह्मविदाप्नोति परम्" (तै.उ. २-१) "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म" (तै.उ. २-१) "यो वेद निहितं

एवं सिद्धान्तैकदेशीयं निरस्य पूर्ववाद्युपसंहरति – एवं तर्हीति। नैवास्ति प्रवेशो ब्रह्मणस्ततोऽन्यस्यापि प्रवेशो न संभवतीत्युक्तमित्याह –न चेति। इतरस्यापि प्रवेशः कल्पयितुं न शक्यत इत्याह – तदेवानुप्राविशदिति। सा च श्रुतिः स्रष्टुः प्रवेशमाह। सा चास्माकं मीमांसकानां प्रमाणं ततस्तद्विरोधेनान्यस्य प्रवेशकल्पनाऽयुक्तेति भावः। तर्हि श्रुतिशरणतयैव ब्रह्मण एव प्रवेश उच्यतामित्याशङ्क्याऽऽह – न चेति। तस्माद[2]न्धो मणिमविन्ददितिवदर्थशून्यमेवेदं वाक्यमिति निगमयति – हन्तेति। शक्तिगोचरस्यार्थस्यासंभवादर्थशून्यत्वं तात्पर्यगोचरस्य वा। नाऽऽद्यः। आकाशादेरविप्रकृष्टदेशेऽपि जलेऽमूर्तस्य प्रतिबिम्बभाववदमूर्तस्यापि ब्रह्मणोऽनिर्वाच्याविद्यासु प्रतिबिम्बितस्य सृष्ट्युत्तरकालमन्तःकरणादिषु प्रतिबिम्बभावसंभवादित्याह – नेति। नद्वितीय इत्याह –अन्यार्थत्वादिति। एतत्स्फुटयति-

---

बिम्ब पड़ता है, आत्मा का प्रतिबिम्ब नहीं पड़ सकता क्योंकि आकाशादि प्रपंच का कारण आत्मा अमूर्त और व्यापक है। उससे दूर देश प्रतिबिम्ब के आधार रूप दूसरी वस्तु न होने से प्रतिबिम्ब के समान नामरूपात्मक जगत् में ब्रह्म का उपदेश मानना ठीक नहीं है।

तब तो न ब्रह्म का प्रवेश हो सकता है और **"तदेवानुप्राविशत्"** इस श्रुति की कोई दूसरी गति दीखती है। अतीन्द्रिय विषय के विज्ञान की उत्पत्ति में हमारे लिये श्रुति ही निमित्त है। प्रयत्न करने वाले को भी इस वाक्य से बोध उत्पन्न नहीं हो रहा है। इसलिये खेद के साथ यह मानना पड़ता है कि **"तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्"** यह श्रुति वाक्य अनर्थ होने के कारण त्यागने योग्य ही है। **सिद्धान्ती :**— ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि यह श्रुति किसी अन्य प्रयोजन के लिये है। यदि कहो कि अप्रासंगिक चर्चा क्यों कर रहे हो, तो ऐसा कहना उचित नहीं क्योंकि इस वाक्य का प्रासंगिक अर्थ बतलाना दूसरा ही है, उसे भूलना नहीं चाहिये। "ब्रह्मज्ञानी परमात्मा को प्राप्त कर लेता है" "सत्य, ज्ञान और अनन्तरूप ब्रह्म है" "जो उसे बुद्धिरूप गुहा में निहित जानता है।" उसी का विज्ञान कराना अभीष्ट है और वही यहाँ पर प्रतिपाद्य अर्थ है। आकाश से लेकर अन्नमय आदि समस्त कार्य ब्रह्म

---

१. अस्थाने अयुक्तेत्यर्थः। "युक्ते द्वे साम्प्रतं स्थाने" इत्यमरः। "स्थाने तु कारणार्थे स्याद्युक्तसादृश्ययोरपी"ति मेदिनी। २. शक्यार्थाभावमात्रेण दृष्टान्तयति—अन्धो मणिमिति। अन्धो मणिमिति—तैत्तिरीयारण्यके प्रथमप्रपाठकैकादशानुवाके ऋगियमेवं पठ्यते। तथाहि—"अन्धो मणिमविन्दत् तमनङ्गुलिरावयत्। अग्रीवः प्रत्यमुञ्चत् तमजिह्व (ह्वो) असश्चत" इति। "अपाणिपादो जवनो ग्रहीते" तिवदस्या अर्थोऽनुसन्धेयः।

गुहायाम्'(तै.उ. २-१) इति। तद्विज्ञानं च विवक्षितं प्रकृतं च तत्। [1]ब्रह्मस्वरूपानुगमाय चाऽऽकाशाद्यान्नमयान्तं कार्यं प्रदर्शितं ब्रह्मानुगमश्चाऽऽरब्धस्[2]तत्रान्नमयादात्मनोऽन्तर[3] आत्मा प्राणमयस्तदन्तर्मनोमयो विज्ञानमय [4]इति। विज्ञानगुहायां प्रवेशितस्[5]तत्र चाऽऽनन्दमयो विशिष्ट आत्मा प्रदर्शितः। अतः परमानन्दमयलिङ्गाधिगमद्वारेणाऽऽनन्दविवृद्ध्यवसान आत्मा। ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा सर्वविकल्पास्पदो निर्विकल्पोऽस्यामेव गुहायामधिगन्तव्य इति तत्प्रवेशः प्रकल्प्यते।

न ह्यन्यत्रोपलभ्यते ब्रह्म [6]निर्विशेषत्वाद्विशेषसंबन्धो ह्युपलब्धिहेतुर्दृष्टः। यथा राहोश्चन्द्रार्कविशिष्टसंबन्धः। एवमन्तःकरणगुहात्मसंबन्धो ब्रह्मण उपलब्धिहेतुः।

किमर्थमित्यादिना। अतः परमिति। **बुद्धिगुहाप्रवेशादनन्तरमानन्दमय एवं विशिष्टोऽर्थो विशेष्यस्य चिद्धातोर्लिङ्गं विशिष्टस्य विशेष्याव्यभिचारदर्शनात्तदधिगमद्वारेणा[7]ऽऽनन्दविवृद्ध्यवसान आत्मा ब्रह्मरूपोऽस्यामेव गुहायामधिगन्तव्य इत्यभिप्रेत्य जले सूर्यप्रवेशवद्[8]निर्वाच्यः प्रवेशोऽभिधीयत इत्यर्थः।**

बुद्धिगुहायामेव ब्रह्मण उपलब्धिसंभवात्तत्रैव प्रवेशोऽभिधित्सित इत्याह — न हीति। **नन्वन्यत्रोपलब्ध्यनर्हं ब्रह्म बुद्धौ वा कथमुपलभ्यत इत्याशङ्क्योपाधेर्योग्यताविशेषसंभवादित्याह** —विशेषेति।

स्वरूप बोध कराने के लिए ही कहे गये हैं। ब्रह्मज्ञान का प्रसङ्ग प्रारम्भ हुआ है, वहाँ पर अन्नमय आत्मा के भीतर मनोमय और प्राणमय आत्मा है, प्राणमय आत्मा के भीतर मनोमय और मनोमय आत्मा के भीतर विज्ञानमय आत्मा है। इस प्रकार बुद्धिरूप गुहा में प्रवेश बतलाया गया है। उस विज्ञानमय आत्मा के भीतर आनन्दमय विशिष्ट आत्मा दिखलाया गया है। अतः इसके आगे आनन्दलिंग बोध द्वारा आनन्दवृद्धि का पर्यवसान परमात्मा में ही दिखलाया गया है। **"ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा"** जो सम्पूर्ण विकल्पों का अधिष्ठान होता हुआ स्वयं निर्विकल्प है, वह परमात्मा इसी बुद्धिरूप गुहा में प्राप्त होने योग्य है। बस इसीलिये उसका प्रवेश बतलाया गया है।

क्योंकि निर्विशेष होने से ब्रह्म बुद्धि से भिन्न स्थान में उपलब्ध नहीं होता, विशेष के साथ सम्बन्ध उपलब्धि का कारण देखा गया है। जैसे चन्द्र और सूर्य के साथ विशेष सम्बन्ध होने पर राहु का दर्शन होता है, वैसे ही अन्तःकारणरूप गुहा के साथ आत्म सम्बन्ध ब्रह्म उपलब्धि का हेतु है।

---

१. ब्रह्मस्वरूपानुगमायेति—सर्वानुगतत्वेन ब्रह्मणोऽवगमायेत्यर्थः। २. यथोक्तकार्ये यथोक्तारम्भ इति वार्थः। ३. तत्रेत्यादिभाष्यस्येयमेव युक्ता योजना तथाहि—तत्र ब्रह्मानुगमारम्भे यथोक्तब्रह्मावगमनिमित्तमिति यावत्। ४. इतीति—इत्युक्तायामिति यावत्। ५. विज्ञानगुहायां प्रवेशित इत्युक्तमेव विशदयति—तत्र चाऽऽनन्दमयो विशिष्ट आत्मा प्रदर्शित इति। तत्र च विज्ञानगुहायां प्रवेशित आनन्दमयो विशिष्ट आत्मा प्रदर्शित इत्यन्वयः। प्रवेशितः प्रविष्ट इति यावत्। यद्वा यथोक्तपरम्परया विज्ञानगुहायां प्रवेशितोऽधिकारी तत्र चाऽऽनन्दमयो विशिष्टात्मा प्रदर्शितस्तस्मा इति योज्यम्। ६. निर्विशेषत्वादिति—अन्यत्र तदुपलब्धियोग्यत्वाभावादित्यर्थः। ७. आनन्देति—आनन्दविवृद्धिः क्वचित्काष्ठां गतो विवृद्धित्वात्परिमाणविवृद्धिवदित्येवं तदवसानत्वेन ज्ञेय आत्मेत्यर्थः। ८. अनिर्वाच्यः—अनुपपद्यमानोऽपि भासमानः।

संनिकर्षादवभासात्मकत्वाच्चान्तःकरणस्य। यथा चाऽऽलोकविशिष्टा घटाद्युपलब्धिरेवं बुद्धिप्रत्ययालोकविशिष्टात्मोपलब्धिः स्यात्तस्मादुपलब्धिहेतौ गुहायां निहितमिति प्रकृतमेव। तद्वृत्तिस्थानीये त्विह पुनस्तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशदित्युच्यते।

तदेवेदमाकाशादिकारणं कार्यं सृष्ट्वा तदनुप्रविष्टमिवान्तर्गुहायां बुद्धौ द्रष्टृ श्रोतृ मन्तृ विज्ञातृत्येवं विशेषवदुपलभ्यते। स एवं तस्य प्रवेशस्तस्मादस्ति तत्कारणं ब्रह्म। अतोऽस्तित्वादस्तीत्येवोपलब्धव्यं तत्। तत्कार्यमनुप्रविश्य, किं? सच्च मूर्तं त्यच्चामूर्तमभवत्। मूर्तामूर्ते ह्यव्याकृतनामरूपे आत्मस्थे अन्तर्गतेनाऽऽत्मना व्याक्रियेते व्याकृते च मूर्तामूर्तशब्द-वाच्ये ते आत्मना त्वप्रविभक्तदेशकाले इति कृत्वाऽऽत्मा ते अभवदित्युच्यते। किंच निरुक्तं चानिरुक्तं च निरुक्तं नाम निष्कृष्य समानासमानजातीयेभ्यो देशकाल-विशिष्टतयेदं तदित्युक्तमनिरुक्तं तद्विपरीतं निरुक्तानिरुक्ते अपि मूर्तामूर्तयोरेव विशेषणे

संनिकर्षादिति। [१]अन्तःकरणसंसर्गादेव देहघटादिषु चैतन्याभिव्यक्तिर्न स्वतः। अन्तःकरणं चाव्य-वधानेनैव चैतन्याभिव्यञ्जकमन्वयव्यतिरेकाभ्यामित्यर्थः। यथा चास्वच्छस्वभावके घटादौ मुखं न प्रतिबिम्बते जलादौ स्वच्छस्वभावके प्रतिबिम्बते तथा सत्त्वप्रधानस्यान्तःकरणस्य प्रसादस्वाभा-व्याद्घटते तत्र ब्रह्मोपलब्धिरित्याह — अवभासात्मकत्वाच्चेति। किंच यथा जाड्यसाम्येऽपि तमोलक्षणावरणाभिभवसमर्थ आलोकोऽङ्गीक्रियते तथा जाड्यसाम्येऽप्यन्तःकरणस्यैव प्रत्ययाकार-परिणतस्याज्ञानलक्षणावरणाभिभवसामर्थ्यमङ्गीकर्तव्यमित्याह —यथा चेति।

अन्तःकरणरूप गुहा अत्यन्त सन्निकट है और स्वच्छ होने से अवभासक भी है। जैसे आलोक से विशिष्ट घटादि का प्रत्यक्ष होता है, ऐसे ही बुद्धिवृत्ति रूप आलोक विशिष्ट आत्मा की उपलब्धि हो जायेगी। अतः उपलब्धि की हेतुभूत बुद्धिरूपी गुहा में ब्रह्म निहित है। बस यही प्रसङ्ग यहाँ पर है। इस ब्रह्म उपलब्धिरूप प्रकृति विषय को ही सुस्पष्ट करने के लिये यहाँ पर **"तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्"** इस श्रुति वाक्य में कहा गया है।

वही यह आकाशादि प्रपञ्च के कारणीभूत ब्रह्म कार्य की सृष्टि कर उस कार्य में अनुप्रविष्ट हुआ-सा बुद्धिरूपी गुहा के भीतर द्रष्टा, श्रोता, मन्ता और विज्ञाता ऐसे विशेष धर्म वाला प्रतीत होता है। बस वही उस आत्मा का प्रवेश है। अतः जगत् कारण ब्रह्म है। इस प्रकार उसका अस्तित्व सिद्ध होने से **'अस्ति'** इस रूप से ही उसे उपलब्ध करना चाहिये। अच्छा तो उसने कार्य में प्रवेश कर के क्या किया? **उत्तर :—** कार्य में प्रवेश करने के बाद मूर्त सद्रूप अमूर्त त्यद्रूप हो गया। आत्मा में जो नामरूप अव्याकृत थे, उन्हीं के अन्तर्गत आत्मा में मूर्तामूर्तरूप से व्याकृत किया। अभिव्यक्ति नामरूप शब्द को ही मूर्तामूर्त कहा जाता है, वे व्याकृत मूर्तामूर्त आत्मा के साथ अभिन्न देशकाल वाले होते हैं, ऐसा होने के कारण आत्मा ही नामरूप से प्रकट हुआ। इस प्रकार कहा जाता है। इतना ही नहीं बल्कि निरुक्त और अनिरुक्त भी वही है। समान और असमान जाति वालों से पृथक् कर जब

---

१. ननु विभोः सन्निकर्षस्य सर्वैस्तुल्यत्वान्नेयं विनिगमनेत्याशङ्क्य तां प्रत्याययति—अन्तःकरणसंसर्गदिवेत्यादिना। अभिव्यक्ताावितरानपेक्षत्वमव्यवधानं स एव चात्र सन्निकर्षो विनिगमक इति भावः।

यथा सच्च त्यच्च प्रत्यक्षपरोक्षे, तथा निलयनं चानिलयनं च। निलयनं नीडमाश्रयो मूर्तस्यैव धर्मः। अनिलयनं तद्विपरीतममूर्तस्यैव धर्मः। त्यदनिरुक्तानिलयनान्यमूर्तधर्मत्वेऽपि व्याकृतविषयाण्येव। सर्गोत्तरकालभावश्रवणात्। त्यदिति [1]प्राणाद्यनिरुक्तं तदेवानिलयनं च। अतो विशेषणान्यमूर्तस्य व्याकृतविषयाण्येवैतानि। विज्ञानं चेतनमविज्ञानं तद्रहितमचेतनं पाषाणादि सत्यं च व्यवहारविषयम[2]धिकारान्न परमार्थसत्यमेकमेव हि परमार्थसत्यं ब्रह्म। इह पुनर्व्यवहार विषयमापेक्षिकं सत्यं मृगतृष्णिकाद्यनृतापेक्षयोदकादि सत्यमुच्यते। अनृतं च तद्विपरीतम्। किं पुनरेतत्सर्वमभवत्परमार्थसत्यं किं पुनस्तद्ब्रह्म। "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"ति (तै.उ. २-१) प्रकृतत्वात्।

यस्मात्सत्त्यदादिकं मूर्तामूर्तधर्मजातं यत्किंचेदं सर्वमविशिष्टं विकारजातमेकमेव सच्छब्दवाच्यं ब्रह्माभवत्तद्व्यतिरेकेणाभावान्नामरूपविकारस्य, तस्मात्तद्ब्रह्म सत्यमित्याह-

---

निलयनं गृहप्रासादादिमूर्तसंनिवेशविशेषोऽवयवसंस्थानविशेषराहित्यमनिलयनम्। अनिरुक्तत्वाद्यमूर्तधर्मश्चेद्ब्रह्मण एव किं न स्यादित्यत आह – त्यदनिरुक्तानिलयनानीति।

तत्सत्यमित्याचक्षत इत्यस्योपपत्तिमाह – यस्मादिति। पदानि व्याख्याय प्रकृतानुप्रश्ननि-

---

किसी देश-काल से विशिष्ट रूप में कहा जाता है, तब उसे निरुक्त कहते हैं। इसके विपरीत को अनिरुक्त कहते हैं। ये निरुक्त और अनिरुक्त भी मूर्त एवं अमूर्त के ही विशेषण हैं। जैसे प्रत्यक्ष वस्तु को सत् और परोक्ष वस्तु को त्यत् कहते हैं। वैसे निलयन और अनिलयन भी वही है। निलयन नीड़ यानी आश्रय को कहा गया है। यह मूर्त पदार्थ का ही धर्म है, उससे विपरीत अनिलयन अमूर्त पदार्थ का धर्म है। इस प्रकार त्यत् वस्तु अमूर्त धर्म वाली होने पर भी व्याकृत दशा में उसे अनिरुक्त और अनिलयन नाम से कहते हैं क्योंकि सृष्टि के पश्चात्-भावी ये सब नाम सुने जाते हैं। त्यत् इस नाम से प्राणादि अनिरुक्त पदार्थ को कहा गया है, वही अनिलयन भी है। अतः व्याकृत दशा में ये सब अमूर्त पदार्थ के विशेषण कहे गये हैं। विज्ञान और उससे अन्य अचेतन पाषाणादि शब्द से कहे जाते हैं। सृष्टि का प्रसङ्ग होने से व्यावहारिक विषय ही सत्य पद से कहा गया है, न कि परमार्थ सत् क्योंकि परमार्थ सत् ब्रह्म एक ही है। इसलिये आपेक्षिक व्यवहार विषयक सत्य ही यहाँ पर सत्य पद से कहा गया है क्योंकि मृग-तृष्णिकादि अनृत पदार्थ की अपेक्षा से पिपासादि को शान्त करने वाले व्यावहारिक जलादि को सत्य कहा जाता है। उससे विपरीत वस्तु को अनृत कहते हैं। तो फिर इससे सिद्ध क्या हुआ? इससे यही सिद्ध हुआ कि इन सभी रूपों में वही विवर्तित है, जो परमार्थ सत्य है। आखिर वह है कौन? वह ब्रह्म है क्योंकि **'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'** इस वाक्य से ब्रह्म का ही प्रसङ्ग चल रहा है।

जबकि **'सत्'** एवं **'त्यद्'** आदि मूर्तामूर्त जो कुछ भी सामान्यतः कार्य समुदाय है, उन सभी रूपों में एक सत् शब्द वाच्य अद्वैत ब्रह्म ही हुआ है, उससे पृथक् नामरूप विकार का अस्तित्व नहीं है;

---

१. प्राणादीति—वाय्वाकाशविति यावत्। व्याकृतत्ववैशद्याय त्वेवमुक्तिरित्यवधेयम्। २. अधिकारादिति—सत्त्यदादिव्यावहारिकपदार्थोक्तिप्रकरणे सत्यमित्युक्तत्वादित्यर्थः।

अथ ब्रह्मवल्ल्यध्याये सप्तमोऽनुवाकः

असद्वा इदमग्र आसीत्। ततो वै सदजायत। तदा-त्मानꣳस्वयमकुरुत। तस्मात्तत्सुकृतमुच्यत इति।

सृष्टि के पहले यह नाम-रूपात्मक जगत् अव्याकृत ब्रह्मस्वरूप ही था। उसी अव्याकृत ब्रह्म से नाम-रूपात्मक व्याकृत सत् उत्पन्न हुआ। उस ब्रह्म ने स्वयं अपने आपको ही नाम-रूपात्मक जगत्

चक्षते ब्रह्मविदः। अस्ति नास्तीत्यनुप्रश्न प्रकृतस्तस्य प्रतिवचनविषय एतदुक्तमात्माऽकामयत बहु स्यामिति। स यथाकामं चाऽऽकाशादिकार्यं सत्त्यदादिलक्षणं सृष्ट्वा तदनु प्रविश्य पश्यञ्शृण्वन्मन्वानो विजानन्बह्वभवत्तस्मात्तदेवेदमाकाशादिकारणं कार्यस्थं परमे व्योमन्हृदयगुहायां निहितं तत्प्रत्ययावभासविशेषेणोपलभ्यमानमस्तीत्येवं विजानीयादित्युक्तं भवति। तदेतस्मिन्नर्थे ब्राह्मणोक्त एष श्लोको मन्त्रो भवति। यथा पूर्वेष्वन्नमयाद्यात्मप्रकाशकाः। पञ्चस्वप्येवं सर्वान्तरतमात्मास्तित्वप्रकाशकोऽपि मन्त्रः [१]कार्यद्वारेण भवति।

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यश्रीमच्छंकरभगवतः कृतौ तैत्तिरीयोपनिषदि द्वितीयब्रह्मवल्ल्यध्यायभाष्ये षष्ठोऽनुवाकः।।६।।

असद्वा इदमग्र आसीत्। असदिति व्याकृतनामरूपविशेषविपरीतरूपमविकृतं

राकरणे प्रकरणस्य तात्पर्यं सोऽकामयतेत्यादेर्दर्शयति — अस्ति नास्तीत्यादिना। तस्या बुद्धिगुहायाः प्रत्यया अहं कर्ता भोक्तेत्यादयस्त एवावभासविशेषास्तैर्व्यज्यमानं विशिष्टस्य विषयत्वेऽपि स्वरूपस्याविषयत्वादित्यर्थः।

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमच्छुद्धानन्दपूज्यपादशिष्यानन्दज्ञानविरचितायां तैत्तिरीयोपनिषच्छांकरभाष्यटीकायां द्वितीये ब्रह्मवल्ल्यध्याये षष्ठोऽनुवाकः।।६।।

इसीलिये ब्रह्मज्ञानी लोग उस ब्रह्म को **'सत्यम्'** इस नाम से पुकारते हैं। वह है और नहीं है, ऐसे अनुप्रश्न का प्रसङ्ग चल रहा था। उसी का उत्तर यहाँ पर दिया गया है। उस आत्मा ने कामना की कि मैं बहुरूप में हो जाऊँ। वह इच्छानुसार सत् एवं त्यदादिरूप आकाशादि कार्य को रचकर एवं उसमें प्रविष्ट हो देखने वाला, सुनने वाला, मनन करने वाला और जानने वाला, ऐसे अनेक रूपों में हो गया। वही यह आकाशादि रूप प्रपंच का कारण कार्य में स्थित ब्रह्म परमाकाश के भीतर बुद्धिरूपी गुहा में निहित है क्योंकि बुद्धिवृत्ति के अवभास विशेष से उपलब्ध होने वाला ब्रह्म है। इसीरूप में उसे जानना चाहिए, ऐसा कहा गया है। उसी इस ब्राह्मणोक्त अर्थ में यह मन्त्र है। जैसे पहले के पाँच कोशों में भी अन्नमयादि के प्रकाशक श्लोक हैं; ऐसे ही सबके भीतर आत्मास्तित्व का प्रकाशक मन्त्र भी कार्यरूप से प्रपंच के कारण ब्रह्मास्तित्व को बतला रहा है।

"असद्वा इदमग्र आसीत्" इस मन्त्र में व्याकृत नामरूप विशेष के विपरीत अवस्था वाले अव्याकृत ब्रह्म को ही असत् शब्द से कहा गया है न कि अत्यन्त असत् को कहा गया है क्योंकि अत्यन्त

---

१. कार्यद्वारेणेति—तदुक्तिद्वारेत्यर्थः। अस्तित्वप्रकाशक इत्यन्वयः।

यद्वै तत्सुकृतम्। रसो वै सः। रसꣳ ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति। को ह्येवान्यात्कः प्राण्यात्। यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्। एष ह्येवाऽऽनन्द-याति। यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्ते-

रूप से बनाया। इसीलिए वह सुकृत (स्वयं किया हुआ) कहा जाता है। वह जो भी प्रसिद्ध सुकृत है, वह निश्चय रस ही है, क्योंकि मधुरादि रस को प्राप्त कर ही यह पुरुष सुखी होता है। यदि हृदयाकाश में स्थित यह आनन्द स्वरूप परमात्मा न होता तो भला कौन व्यक्ति अपान वायु के द्वारा प्राणन कर सकता (इसीलिए वह ब्रह्म अवश्य है जिससे कि प्राणनादि चेष्टाएँ हो रही हैं), क्योंकि यही लोक में धर्मानुसार सुखी करता है। जिस समय यह साधक इस न देखने योग्य, शरीर रहित, निर्वचन

ब्रह्मोच्यते। न पुनरत्यन्तमेवासत्। न ह्यसतः सज्जन्मास्ति। इदमिति नामरूपविशेषवद्-व्याकृतं जगदग्रे पूर्वं प्रागुत्पत्तेर्ब्रह्मैवासच्छब्दवाच्यमासीत्। ततोऽसतो वै सत्प्रविभक्त-नामरूपविशेषमजायतोत्पन्नम्। किं ततः प्रविभक्तं कार्यमिति पितुरिव पुत्रो, नेत्याह। तदसच्छब्दवाच्यं स्वयमेवाऽऽत्मानमेवाकुरुत कृतवत्। यस्मादेवं तस्मात्तद्ब्रह्मैव सुकृतं स्वयं कर्तृच्यते। स्वयं कर्तृ ब्रह्मेति प्रसिद्धं लोके सर्वकारणत्वात्। यस्माद्वा स्वयमकरोत्सर्वं सर्वात्मना तस्मात्पुण्यरूपेणापि तदेव ब्रह्म कारणं सुकृतमुच्यते। सर्वथाऽपि तु फलसंबन्धादिकारणं सुकृतशब्दवाच्यं प्रसिद्धं लोके। यदि पुण्यं यदि वाऽन्यत्सा प्रसिद्धिर्नित्ये चेतनावत्कारणे सत्युपपद्यते। तस्मादस्ति तद्ब्रह्म सुकृत-प्रसिद्धेः।

सुकृतमिति। क्तप्रत्ययः सुष्ठु क्रियत इति कर्माभिधायकोऽपि [1]छान्दस्या प्रक्रियया सुष्ठु करोतीति कर्तरि व्याख्यातः।

असत् से सत् का जन्म नहीं हो सकता है। विशेष नामरूप वाले व्याकृत जगत् को इस मन्त्र में 'इदम्' पद से कहा गया है, जो उत्पत्ति से पूर्व असत् शब्द वाच्य ब्रह्मरूप ही था। निःसन्देह उसी असत् से विशेष नामरूप में विभक्त यह सत् जगत् उत्पन्न हुआ है। तो क्या जैसा पुत्र पिता से उत्पन्न होता है, जो सर्वथा पिता से विभक्त दीखता है; वैसे ही ब्रह्म से उत्पन्न यह जगत् भी ब्रह्म से सर्वथा पृथक् ही है? ऐसी बात नहीं, उस असत् शब्द वाच्य ब्रह्म ने स्वयं अपने को ही जगत् रूप में किया है। जबकि ऐसी बात है, इसीलिये वह ब्रह्म ही सृकृत कहा जाता है; अर्थात् स्वयं अपने को करने वाला सबका कारण होने से ब्रह्म स्वयं कर्ता है। यह बात प्रसिद्ध है अथवा सभी रूपों में वह सबका स्वयं कर्ता है। इसीलिये पुण्यरूप से भी वह कारण ब्रह्म ही सुकृत कहा गया है। जो भी हो, सभी प्रकार से लोक में फल सम्बन्धादि कराने वाला ब्रह्म सृकृत शब्द वाच्य प्रसिद्ध ही है। यदि सृकृत का अर्थ पुण्य या कोई अन्य अर्थ माना जाय, वह प्रसिद्धि नित्य चेतन जगत् के कारण के रहने पर ही होती है। अतः सुकृत

---

१. छान्दस्येति—व्यत्ययो बहुलमित्यनया कर्मणि विहितस्य व्यत्ययेन कर्तरि प्रयोग इति भावः।

ऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठां विन्दते। अथ सोऽभयं गतो भवति। यदा ह्येवैष एतस्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते। अथ तस्य भयं भवति। तत्त्वेव भयं विदुषोऽमन्वा-नस्य। तदप्येष श्लोको भवति।

इति कृष्णयजुर्वेदीयतैत्तिरीयोपनिषदि द्वितीये ब्रह्मावल्लयध्याये सप्तमोऽनुवाकः।।७।।

के अयोग्य, निराधार ब्रह्म में अभय स्थिति प्राप्त करता है, उस समय निश्चय ही यह अभय को प्राप्त हो जाता है और जिस समय यह ब्रह्म में थोड़ा-सा भी भेद देखता है, तो उस भेद दर्शन के कारण ही इसे भय होता है क्योंकि भेददर्शी अज्ञानी के लिए वह ब्रह्म ही भयरूप हो जाता है। इसी विषय में यह मन्त्र भी है।।१।।

।।इति सप्तमोऽनुवाकः।।

इतश्चास्ति। कुतः। रसत्वात्। कुतो रसत्वप्रसिद्धिर्ब्रह्मण इत्यत आह —

यद्वै तत्सुकृतम्। रसो वै सः। रसो नाम तृप्तिहेतुरानन्दकरो मधुराम्लादिः प्रसिद्धो लोके। रसमेवायं लब्ध्वा प्राप्याऽऽनन्दी सुखी भवति। नासत आनन्दहेतुत्वं दृष्टं लोके। बाह्यानन्दसाधनरहिता अप्यनीहा निरेषणा ब्राह्मणा बाह्यरसलाभादिव सानन्दा दृश्यन्ते विद्वांसो नूनं ब्रह्मैव रसस्तेषाम्। तस्मादस्ति तत्तेषामानन्दकारणं रसवद्ब्रह्म। इतश्चास्ति कुतः। प्राणनादिक्रियादर्शनात्। अयमपि हि पिण्डो जीवतः प्राणेन प्राणित्यपानेनापानिति। एवं वायवीया ऐन्द्रियकाश्च चेष्टाः संहतैः कार्यकरणै-

---

की प्रसिद्धि के कारण वह ब्रह्म है। इसलिये भी वह ब्रह्म है क्योंकि वह रसरूप है। ब्रह्म में रसत्व की प्रसिद्धि कैसे मानी जाय? इस पर श्रुति कहती है।

जो निःसन्देह वह सुकृत है, वह रसरूप है। लोक में मधुराम्लादि आनन्द देने वाला एवं तृप्ति का हेतु रस नाम से प्रसिद्ध है क्योंकि यह सामान्य पुरुष रस को ही प्राप्तकर सुखी होता है। जो स्वयं असत् है, लोक में आनन्द का हेतु नहीं देखा गया है। सुख के साधन बाह्य विषयों से रहित भी एषणा विनिर्मुक्त अनीह ब्रह्मवित् ब्राह्मण वैसे ही आनन्दयुक्त दिखायी पड़ते हैं, जैसे सुख साधन सम्पन्न व्यक्ति आनन्दित दीखता है। अतः निःसन्देह यही मानना पड़ेगा कि पूर्वोक्त ब्रह्मवित् ब्राह्मणों के पास सुख का हेतु रसरूप ब्रह्म ही है। अतः मधुराम्लादि रस की भाँति उन ब्रह्मवित् ब्राह्मणों को सुख देने वाला वह ब्रह्म है। इसलिये भी ब्रह्म का अस्तित्व मानना पड़ता है क्योंकि प्राणनादि क्रिया देखी जाती है। जीवित पुरुष का यह पिण्ड भी प्राण से प्राणन और अपान से अपानन क्रिया करता रहता है। इस प्रकार आध्यात्मिक वायु और इन्द्रियों की चेष्टाएँ कार्य-करण संघात से निष्पन्न होती देखी जाती है। यह संघात किसी एक के प्रयोजन के लिये बना है। जो इस संघात से भिन्न चेतन के

निर्वर्त्यमाना दृश्यन्ते। तच्चैकार्थवृत्तित्वेन संहननं नान्तरेणा चेतनमसंहतं संभवति। अन्यत्रादर्शनात्। तदाह — यद्यदि एष आकाशे परमे व्योम्नि गुहायां निहित आनन्दो न स्यान्न भवेत्को ह्येव लोकेऽन्यादपानचेष्टां कुर्यादित्यर्थः। कः प्राण्यात्प्राणनं वा कुर्यात्तस्मादस्ति तद्ब्रह्म। तदर्थाः कार्यकरणप्राणनादिचेष्टास्तत्कृत एव चाऽऽनन्दो लोकस्य। कुतः एष ह्येव पर आत्मा[१]ऽऽनन्दयात्यानन्दयति सुखयति लोकं धर्मानुरूपम्। स एवाऽऽत्माऽऽनन्दरूपोऽविद्यया परिच्छिन्नो विभाव्यते प्राणिभिरित्यर्थः। भयाभयहेतुत्वाद्विद्वदविदुषोरस्ति तद्ब्रह्म। सद्वस्त्वाश्रयणेन ह्यभयं भवति। नासद्वस्त्वाश्रयणेन भयनिवृत्तिरुपपद्यते। कथमभयहेतुत्वमित्युच्यते —

यदा ह्येव यस्मादेष साधक एतस्मिन्ब्रह्मणि किंविशिष्टेऽदृश्ये दृश्यं नाम द्रष्टव्यं विकारो दर्शनार्थत्वाद्विकारस्य। न दृश्यमदृश्यमविकार इत्यर्थः। एतस्मिन्नदृश्येऽविकारेऽविषयभूतेऽनात्म्येऽशरीरे यस्माददृश्यं तस्मादनात्म्यं यस्मादनात्म्यं तस्मादनिरुक्तम्।

एकार्थवृत्तित्वेनेति। एकप्रयोजनसाधनत्वेन परस्परायत्ततेत्यर्थः। अन्यत्रेति। गृहप्रासादादिषु स्वतन्त्रं [२]गृहाद्यनारभ्यं स्वामिनमन्तरेण संहननस्यादर्शनात्कार्यकरणसंघातेऽपि विलक्षणः स्वामी शरीरोपचयादिभिरुपचयादिरहितोऽवगम्यते। स च चेतनत्वेन भेदाभावाद्ब्रह्मैवेति तदस्तित्वसिद्धिरित्यर्थः।

बिना अन्य संघात का प्रयोजन नहीं देखा जाता है। इसी बात को श्रुति ने कहा कि यदि परमाकाश के अन्तर्वर्ती बुद्धिरूपी गुहा में यह आनन्द निहित नहीं होता तो भला कौन अपान की चेष्टा करता और कौन प्राण की चेष्टा करता। (जहाँ प्राण और अपान जैसे सहज क्रिया का होना भी सम्भव नहीं वहाँ अति आयास साध्य वैदिक तथा लौकिक व्यापार कौन करता, यदि कोई स्थायी आनन्द नहीं होता) जिसके लिये कार्य-करण की प्राणनादि चेष्टा होती हैं। बस लोक में तत्प्रयुक्त ही आनन्द होता है। कैसे? श्रुति कहती है—यही परमात्मा धर्मानुरूप लोक को आनन्द प्रदान करता है, वह आनन्द अपरिच्छिन्न होता हुआ भी अविद्या के कारण सर्वसाधारण प्राणियों के द्वारा परिच्छिन्न रूप में जाना जाता है। अज्ञानियों के भय एवं ज्ञानियों के अभय का कारण होने से वह ब्रह्म है। ऐसा मानना चाहिये क्योंकि सद्वस्तु के आश्रय से ही अभय होता है। इसके विपरीत असद् वस्तु के आश्रय से भय का निवृत्त होना सम्भव नहीं। विद्वानों के अभय का हेतु ब्रह्म कैसे? इस पर श्रुति कहती है।

क्योंकि जिस समय इस ब्रह्म में यह साधक अभय प्रतिष्ठा को प्राप्त करता है, उस समय वह भय से मुक्त हो जाता है। किस गुण से विशिष्ट ब्रह्म में प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेने पर साधक भय से मुक्त हो जाता है? उसे कहते हैं कि जो अदृश्य यानी विकार रहित है, जो अनात्म्य अर्थात् शरीर रहित जो वाणी का अविषय है और जो सर्वाधार है जिसका दूसरा कोई आधार नहीं है। ऐसे ब्रह्म में प्रतिष्ठा प्राप्त करने पर साधक भय से मुक्त हो जाता है। विकार दर्शनार्थ होने के कारण दृश्य कहा

---

१. आनन्दयात्यानन्दयतीति—छान्दसं दैर्घ्यमिति भावः। २. स्वातन्त्र्यं विवृणोति—गृहाद्यनारभ्यमिति। परतन्त्रं हि गृहादि स्वामिनाऽऽरभ्यं न स्वामी तेनारभ्य इति।

विशेषो हि निरुच्यते। विशेषश्च विकारः। अविकारं च ब्रह्म। सर्वविकारहेतुत्वात्तस्माद-निरुक्तम्। यत एवं तस्मादनिलयनं निलयनं नीड आश्रयो न निलयनमनिलयनमनाधारं तस्मिन्नेतस्मिन्नदृश्येऽनात्म्येऽनिलयने सर्वकार्यधर्मविलक्षणे ब्रह्मणीति वाक्यार्थः। अभयमिति क्रियाविशेषणम्। अभयमिति वा लिङ्गान्तरं परिणम्यते। प्रतिष्ठां स्थितिमात्मभावं विन्दते लभते। अथ तदा स तस्मिन्नानात्वस्य भयहेतोरविद्याकृतस्या-दर्शनादभयं गतो भवति। स्वरूपप्रतिष्ठो ह्यसौ यदा भवति तदा नान्यत्पश्यति नान्य-च्छृणोति नान्यद्विजानाति। अन्यस्य ह्यन्यतो भयं भवति नाऽऽत्मन एवाऽऽत्मनो भयं युक्तं तस्मादात्मैवाऽऽत्मनोऽभयकारणम्। सर्वतो हि निर्भया ब्राह्मणा दृश्यन्ते सत्सु भयहेतुषु तच्चायुक्तमसति भयत्राणे ब्रह्मणि। तस्मात्तेषामभयदर्शनादस्ति तदभय-कारणं ब्रह्मेति। कदाऽसावभयं गतो भवति साधको यदा नान्यत्पश्यत्यात्मनि चान्तरं भेदं न कुरुते तदाऽभयं गतो भवतीत्यभिप्रायः। यदा पुनरविद्यावस्थायां हि यस्मादेषोऽ-विद्यावानविद्यया प्रत्युपस्थापितं वस्तु तैमिरिकद्वितीयचन्द्रवत्पश्यत्यात्मनि चैतस्मि-न्ब्रह्मणि उदपि, अरमल्पमप्यन्तरं छिद्रं भेददर्शनं कुरुते। भेददर्शनमेव ह्यन्तरकरण-

---

गया है। जो दृश्य से भिन्न हो, उसे अदृश्य अर्थात् अविकार कहते हैं। अदृश्य होने के कारण वह अनात्म्य अर्थात् अशरीर है। इसीलिये वह अनिरुक्त है। विकार विशेष है, तो वाणी से कहा जाता है। ब्रह्म सभी विकारों का अधिष्ठान होने से अविकार है। फिर उसे वाणी से किस प्रकार कहा जाय? अनिरुक्त होने के कारण ही वह अनिलयन है। निलयन नीड़ अथवा आश्रय को कहते हैं। उससे भिन्न को अनिलयन अनाधार कहा गया है। सम्पूर्ण जगत् के धर्म से विलक्षण उसी इस अदृश्य, अनात्म्य अनिरुक्त एवं अनिलयन स्वरूप ब्रह्म में अभेद भाव से प्रतिष्ठित हो जाने पर वह साधक अभय को प्राप्त हो जाता है। श्रुति में **'अभयम्'** यह पद क्रियाविशेषण है अथवा प्रतिष्ठा का विशेषण मानने पर **'अभयम्'** पद को **'अभयाम्'** ऐसा स्त्रीलिंग में बदल लेना चाहिये। प्रतिष्ठा शब्द का अर्थ है स्थिति यानी आत्म भाव से उसे जब प्राप्त करता है, तब भय से मुक्त हो जाता है क्योंकि भय का हेतु आविद्यक नानात्व उस ब्रह्म में उस समय वह तत्त्ववित् पुरुष नहीं देखता। जब वह ब्रह्मज्ञानी स्वरूप में प्रतिष्ठित होता है, तब न दूसरे को देखता है न दूसरे को सुनता है और न दूसरे को जानता ही है। भय तो सदा अपने से भिन्न वस्तु के द्वारा ही होता रहता है। आत्मा से ही आत्मा को भय मानना युक्ति सङ्गत नहीं है। अतः आत्मा के अभय का कारण स्वयं आत्मा ही है क्योंकि अनेकों भय के कारणों के बीच में भी ब्रह्मवित् पुरुष सर्वथा निर्भय देखे जाते हैं। अभयत्व भय से त्राण करने वाले ब्रह्म को न मानने पर असंगत हो जायगा। अतः उन ज्ञानियों को अभय देखने पर यह मानना पड़ता है कि उनके अभय का कारण ब्रह्म है। वह साधक किस समय अभय को प्राप्त होता है? जब वह आत्मा में भेद नहीं देखता, तब वह अभय को प्राप्त होता है। यह इसका अभिप्राय है और जब तैमिरिक पुरुष से देखे गये द्वितीय चन्द्र दर्शन की भाँति अविद्या दशा में यह अज्ञानी उस आत्मस्वरूप ब्रह्म में अविद्या द्वारा प्रत्युपस्थापित थोड़ा भी भेद दर्शन करता है, भेद दर्शन ही अन्तर का कारण है, उस

